RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 युद्धरा को लेकर बोली मालविका...

वर्ष : 26 | अंक : 248 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 30 अगस्त, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## अयोध्या की जमीन पर भाजपा ने की सौदेबाजी : अखिलेश

### सपा-प्रमुख ने भाजपा पर बोला हमला

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर शुक्रवार को लिखा कि भाजपा ने अयोध्या की जमीन को लेकर सौदेबाजी की है। भाजपा का अयोध्या से कोई भावनात्मक लगाव नहीं है।

सपा सांसद अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया एकाएंट एक्स पर आज सुबह ट्वीट करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपाइयों ने सस्ते में अपनों को अयोध्या में जमीन खरीदवाई और जब बेचकर निकलने का समय आया तो भाजपा सरकार ने सर्किल रेट बढ़ाने का प्रबंध करवाया। अयोध्या की भूमि भाजपाई सौदेबाज़ी और मुनाफ़ाखोरी की शिकार हुई है। अयोध्या की जनता तो पहले ही जान गयी थी कि भाजपा का अयोध्या से भावात्मक-भावनात्मक लगाव नहीं बल्कि 'भू-नात्मक' व 'मुनाफ़ात्मक' लोभ है।



अखिलेश ने कहा कि भाजपाई लालच ने जब अयोध्या को नहीं छोड़ा तो बाकी देश का क्या हाल कर रहे होंगे, ये कहने की बात नहीं।

आपको बता दें कि कल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर में एक चुनावी सभा के दौरान समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा था कि यह लाल टोपी वाले अराजकता फैलाने में माहिर हैं। अखिलेश यादव का यह हमला उसी बयान का जवाब माना जा रहा है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा का दूसरा चरण शुरू, AI से पैनी नजर

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया। आज (30) और 31 अगस्त को दो-दो शिफ्ट में सिपाही भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12:05 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 5:05 बजे तक चलेगी। शुक्रवार को पहली शिफ्ट का पेपर शुचिता पूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। पूरी चाकचौबंध और सख्त चेकिंग के बाद उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्रों पर एंट्री दी गई। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से फोटो क्लिक करके उम्मीदवार का वेरिफिकेशन किया गया। इस बीच रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंड्स पर फिर



से परीक्षार्थियों की भीड़ देखने को मिली। परीक्षा को लेकर नोएडा पुलिस भी अलर्ट रही। नोएडा जोन के एसीपी 2 अरविंद कुमार अपनी टीम के साथ सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचे। तथा परीक्षा केन्द्र पर निरीक्षण किया।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में कुल 60244 सिपाही पद के लिए 5 दिन में परीक्षा हो रही है। 23, 24 और 25 अगस्त के बाद अब 30 और 31 अगस्त को रोजाना दो पालियां में परीक्षा होगी. तीन दिन की परीक्षा में अब तक 3 सिपाही समेत 40 अभ्यर्थी व सॉल्वर गिरफ्तार हुए और 29 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश के 67 जिलों के 1174 परीक्षा केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा के लिए 40 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया है।

## गाजियाबाद में तीन सिपाही गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में हिस्ट्रीशीटर बदमाश के साथ मिलकर 12 लाख रुपए की टप्पेबाजी करने के आरोप में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने तीन सिपाहियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 8 लाख रूपये बरामद हुए हैं। गाजियाबाद पुलिस ने इस मामले में कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि जनपद मेरठ के कठोर थाना क्षेत्र का रहने वाला हिस्ट्रीशीटर बदमाश नदीम इलाके में टप्पेबाजी कर रहा है। इस हिस्ट्रीशीटर बदमाश के साथ आगरा, हापुड़ और गाजियाबाद में तैनात कुछ पुलिसकर्मी भी शामिल थे। बीते दिनों गाजियाबाद में 10 से 12 लाख रुपए की टैप बाजी की गई थी। इस मामले की जांच कर रही गाजियाबाद पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि नदीम विदेशी पैसे को बदलने का भी काम करता है। गिरफ्तार किए गए लोगों से 8 लाख रूपये बरामद हुए हैं। गाजियाबाद पुलिस ने जिन सिपाहियों को गिरफ्तार किया है उनमें गाजियाबाद डॉयल-112 में तैनात सिपाही संजय, आगरा में तैनात सिपाही सचिन शर्मा तथा हापुड़ में तैनात सिपाही अनिल शामिल है।

## ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर की आड़ में करते थे धोखाधड़ी

### 4 गिरफ्तार, 33 लैपटॉप, 23 कीपैड व 6 मोबाइल आदि बरामद

**नोएडा (चेतना मंच)।** कमिश्नरेट पुलिस ने ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर बेचने की आड़ में धोखाधड़ी करने वाले एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करके चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 33 लैपटॉप, 23 कीपैड, 6 मोबाइल, प्रिंटर, क्यूआर कोड की 3 मशीनें, ई-स्टाम्प आदि बरामद किये हैं।

पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल जोन) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना सेक्टर 63 पुलिस ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर सेक्टर 63 में चल रहे एक अवैध



कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। उन्होंने बताया कि यहां से ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर बेचने के नाम पर देश विदेश के विभिन्न जगहों पर रहने वाले लोगों को आरोपी अपने जाल में फंसाते थे, तथा उनसे लाखों रुपए की ठगी कर लेते थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में पुरुषोत्तम, दीपक, राम बालक राय, अमर सिंह बौद्ध आदि हैं।

उन्होंने बताया कि इनके कुछ साथी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने 33 लैपटॉप, 23 कीपैड, 6 मोबाइल फोन, प्रिंटर, क्यूआर कोड की 3 मशीन, ई-स्टांप, आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि ये लोग विभिन्न कंपनियों से संपर्क करके उन्हें ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर बेचने के नाम पर उन्हें अपने जाल में फंसाते थे, तथा उनसे ठगी करते थे।

## लव मैरिज करने के बाद की आत्महत्या

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में एक विवाहित ने फांसी लगाकर फंदे पर लटकर अपनी जान दे दी।

मामला ग्राम नाहल के सलमान फारसी मस्जिद के पास का है जहां (19 वर्षीय) सानिया पुत्री अकबर अपने पति फुरकान पुत्र शरीफ के साथ ग्राम नाहल में रईस के मकान में किराए पर रहते थे। सानिया और फुरकान की लव मैरिज हुई थी। दोनों में आपसी विवाद रहता था जिसको लेकर के बताया जा रहा है कि सानिया अल्वी है और लड़का धोबी है दो नों की पसंद से शादी हुई थी दोनों में आपसी झगड़े रहते थे। इसी को लेकर सानिया ने फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी।

## प्राधिकरण के आधा दर्जन कर्मचारियों पर लटकी कार्रवाई की तलवार!

**नोएडा (चेतना मंच)।** तबादले के बाद भी अपने पदों पर कुंडली मारे बैठे नोएडा प्राधिकरण के आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही की तलवार लटकी है। इन पर कभी भी कार्रवाई हो सकती है। इसको लेकर प्राधिकरण में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

सूत्रों के मुताबिक औद्योगिक विकास के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने इन कर्मचारियों पर कार्रवाई की हरी झंडी दे दी है। कभी भी लखनऊ से कार्रवाई का फरमान आ सकता है।

बताया जाता है कि शासन स्तर पर व्यापक तबादले के बाद भी कुछ अधिकारी व कर्मचारी अपने पदों पर डटे हैं। नोएडा प्राधिकरण ने कर्मचारियों की कम संख्या व कार्याधिक का हवाला देते हुए उन्हें रिलीव नहीं किया और न ही कर्मचारियों ने रिलीव का कोई पत्र सीईओ को दिया। बताया जाता है कि इस सूची में वरिष्ठ प्रबंधक से लेकर विधि अधिकारी तक शामिल हैं।

## रॉ का फर्जी अधिकारी गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने रॉ का फर्जी अधिकारी बनकर लोगों पर रौब झाड़कर ऐश करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जोन-। रामबदन सिंह ने बताया कि होशियापुर गांव में स्थित क्वीड होटल के मैनेजर भूपेंद्र ने पुलिस को सूचना दी कि एक व्यक्ति खुद को डीआईजी स्तर का अधिकारी बता रहा है। वह बता रहा है कि वह रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) में सचिव के पद पर में कार्यरत है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-49 पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि इंद्र नील राय (53 वर्ष) निवासी 24 परगना पश्चिम बंगाल नामक व्यक्ति जो कि खुद को (शेष पृष्ठ-4 पर)

### चोटपुर-छिजारसी अवैध विद्युत कनेक्शन व उगाही प्रकरण

## आज फिर गिरेगी एक अन्य भाजपा नेता पर गाज!

**नोएडा (चेतना मंच)।** चोटपुर-छिजारसी कालोनी में अवैध विद्युत कनेक्शन के जरिए उगाही कर करोड़ों के राजस्व का चूना लगाने के मामले की परत-दर-परत खुलती जा रही है। इस मामले में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से संलिप्तता तथा संरक्षण के आरोप में आज शाम तक फिर एक भाजपा नेता पर गाज गिरनी तय है। बता दें कि 4-5 दिन पूर्व भी इस मामले में कृष्णानगर मंडल के भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के मंडल अध्यक्ष को पद से हटा दिया गया था।

अवैध विद्युत कनेक्शन व उगाही का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। अभी इस मामले में जुड़े कुछ अन्य भाजपा नेताओं व सफेदपोशों पर गाज गिरना तय है। वहीं बताया जाता है कि विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता ने भी समूचे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। उधर भाजपा के कृष्णानगर मंडल के अध्यक्ष (शेष पृष्ठ-4 पर)

### बख्शे नहीं जाएंगे अवैध उगाही करने वाले नेता : मनोज गुप्ता



**नोएडा।** भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि इस मामले में संलिप्त किसी भी भाजपा नेता को बख्शा नहीं जाएगा। वह चाहे किसी भी पद पर क्यों न हो। प्रदेश के मुख्यमंत्री की जीरो टोलरेंस नीति का पूरी तरह यहां पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस गिरोह को संरक्षण देने वाले कुछ चंद चर्चित भाजपा नेताओं की भी जानकारी मिली है जिन्हें शीघ्र ही बेनकाब किया जाएगा।

## नोएडा में भी ले सकेंगे डल झील जैसी बोटिंग का लुत्फ!

### सेक्टर-167 में बनेगा 40 करोड़ की लागत से ब्रह्मसरोवर, 6-8 माह में होगा पूरा

**नोएडा (चेतना मंच)।** कश्मीर की डल झील में बोटिंग का तुल्फ उठाने में महरूर रहे लोगों के लिए खुश खबरी है। अब नोएडा में ही बन रहे ब्रह्मसरोवर में इंद्र धनुषी फव्वारों के बीच आप बोटिंग (नौकायन) का लुत्फ उठा सकेंगे।

नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-9 के तहत सेक्टर-167 में 4 एकड़ में 40 करोड रूपये की लागत से ब्रह्मसरोवर का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा 7 एकड़ में रिक्रियेशनल गतिविधियां होगी। यह 29 हेक्टेयर का इलाका ग्रीन बेल्ट है।

इस ब्रह्मसरोवर के पास



रिक्रयेशनल के तहत फूड कोर्ट, वाकिंग ट्रैक, एम्फीथियेटर को शामिल किया जाएगा। इसी का डिजाइन तैयार किया जा रहा है।

इस सरोवर के बीच में कमल के आकार का एक फाउंटेन लगाया जाएगा। साथ ही यहां बोटिंग की जा सकेगी। इसके लिए प्लान किया गया है। पहले फेज में कितनी बोट चलेंगी ये संचालन करने वाली कंपनी तय करेगी। सेक्टर-168 में लगे 2 एसटीपी जिनकी क्षमता करीब 150 एमएलडी की है। वहां से तालाब में साफ होने के बाद पानी आया करेगा। इस तरह पानी का भी फिर से उपयोग हो जाएगा।

यह ब्रह्म सरोवर पब्लिक पार्टनर प्राइवेटशिप (पीपीपी) मॉडल पर बनाया जाएगा। यानी डिजाइन होने के बाद जो कंपनी इसका निर्माण करेगा संचालन और रखरखाव की (शेष पृष्ठ-4 पर)

## कल खुले रहेंगे सभी उपनिबंधक कार्यालय

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रथम बी0एस0 वर्मा एवं सहायक महानिरीक्षक निबंधन द्वितीय शशि भानु मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 अगस्त 2024 दिन शनिवार स्थानीय अवकाश को भी जनपद गौतमबुद्ध नगर के समस्त उप निबंधक कार्यालय खुले रहेंगे एवं सामान्य दिनों के भांति लेख पत्रों के पंजीकरण का कार्य किया जाएगा।

सहायक महानिरीक्षक निबंधन ने समस्त उप निबंधक को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत अधिवक्ता/संघ/बैनामा लेखक/स्टांप विक्रेता एवं जन सामान्य को उक्त की जानकारी देते हुए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करें।

## ज़ेवर एयरपोर्ट पर दिखेगी आधुनिक काशी की झलक



### एयरपोर्ट से अप्रैल 2025 से शुरू हो जाएंगी पैसेंजर उड़ानें

ग्रेटर नोएडा के पास ज़ेवर में बनाये जा रहे ज़ेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) में उत्तर प्रदेश की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। ज़ेवर एयरपोर्ट के निर्माण का काम 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है और ज़ेवर एयरपोर्ट से अप्रैल 2025 में पैसेंजर उड़ानें शुरू कर दी जाएँगी।

ज़ेवर एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) का निर्माण कर रही कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ़ श्नेलमैन ने बताया कि ज़ेवर एयरपोर्ट से पैसेंजर फ्लाइट इस वर्ष सितंबर से शुरू होनी थी जो कि ज़ेवर एयरपोर्ट के निर्माण में देरी के बीच शुरू नहीं हो पाएगी। **चेतना मंच** के संवाददाता ने (शेष पृष्ठ-4 पर)



### डीजीसीए जारी करेगी लाइसेंस



यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरण जैन ने एयरपोर्ट परियोजना स्थल पर चेतना मंच के संवाददाता को बताया कि दिसंबर में, एप्रोच और डिपार्चर प्रक्रियाओं के लिए वैलिडेशन फ्लाइट्स एक निजी वाहक द्वारा संचालित की जाएंगी। एक बार ये उड़ाने सफलतापूर्वक पूरी हो जाने के बाद, ऑपरेटर दिसंबर में एयरोड्रम लाइसेंस के लिए आवेदन करेगा। एयरोड्रम लाइसेंस डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) द्वारा जारी किया जाता है।

### डिजिटल होंगी सारी सुविधाएँ

निर्माणधीन ज़ेवर एयरपोर्ट डिजिटल सुविधाओं से लैस होगा। ज़ेवर एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले लोगों को टिकट का प्रिंट या कोई और दस्तावेज़ की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। एयरपोर्ट की वेबसाइट के ज़रिए ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि यात्रियों को अपने मोबाइल पर ही सारी सुविधाएँ मिल जाये। एयरपोर्ट में सेल्फ बैग ड्राप और सेल्फ बोर्डिंग की सुविधा भी होगी। यह इनोवेशन एयरपोर्ट के यूजर फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ यात्रियों को सहज यात्रा का अनुभव देगा।

### एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट



ज़ेवर एयरपोर्ट के निर्माण से जुड़ी कंपनी ने बुधवार को मीडिया के सामने ज़ेवर एयरपोर्ट के निर्माण से जुड़ा पॉवर प्वाइंट पेश किया। YIAPL की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरण जैन ने बताया कि ज़ेवर एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। एयरपोर्ट को पहले फेज में 1334 हेक्टेयर में 12 मिलियन कैपेसिटी के साथ एयरपोर्ट जल्द शुरू होगा। एयरपोर्ट पर पैसेंजर टर्मिनल, ATC और रनवे का काम लगभग पूरा हो चुका है। रनवे पर लाइटिंग का काम भी लगभग पूरा हो चुका है।दिसंबर 2024 में फ्लाइट की ट्रायल और टेस्टिंग की जाएगी और अप्रैल 2025 में एयरपोर्ट पैसेंजर फ़्लडलाइट्स की उड़ानों के लिए तैयार हो जाएगा। उड़ानों के लिए अकासा और इंडिगो एयरलाइन से MOU बॉण्ड भी साइन हो चुका है।

## सुनहरे सब्जबाग

अमेरिका आदि देशों में सुनहरे सब्जबाग दिखा मोटी रकम वसूलकर युवाओं को जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों पर समय रहते कार्रवाई न होना हमारे शासन-प्रशासन की विफलता ही कही जाएगी। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे ऐसा करके अपनी जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। एक दशक से जारी यह गोरखधंधा वर्ष 2023 में तब उजागर हुआ था जब वर्ष 2023 में फ्रांस ने मानव तस्करी के संदेह में दुबई से निकारागुआ जा रहे तीन से अधिक यात्रियों वाले एक चॉर्टर विमान को रोककर उसमें सवार अधिकांश भारतीयों को वापस भारत लौटा दिया था। हाल ही में पंजाब में समाना के चार युवाओं की दर्दनाक कहानी उजागर हुई है, जिन्हें एजेंटों ने मोटी रकम वसूलकर जानलेवा हालातों में धकेल दिया। उनसे दो चरणों में करीब ढाई करोड़ रुपये वसूले गये और घातक परिस्थितियों में धकेल दिया गया। कई दिन जंगलों में उन्हें भूखा रहना पड़ा। फोन व जूते छीन लेने से उन्हें नंगे पैरों पैदल चलना पड़ा। पहले भारतीय एजेंट को प्रति व्यक्ति पैंतीस लाख देकर वे स्पेन पहुंचे, जहां उन्हें लावारिस छोड़ दिया गया। फिर वहां से प्रत्येक युवक ने पच्चीस लाख रुपये चुकाकर अमेरिका जाने की दुर्गम राह पकड़ी। अब इन पीड़ित युवाओं ने हर पंजाबी से अपील की है कि वे कभी भी पश्चिम जाने के लिये अवैध रास्ते को न चुनें। वे खुद को भाग्यवान मानते हैं इस खतरनाक रास्ते में लुटने-पिटने और भूखे रहने के बाद किसी तरह अमेरिका पहुंचे हैं। दरअसल, उनकी बदहाली की वजह वो भ्रष्ट व बेईमान ट्रैवल एजेंट था, जिसने उन्हें मोटी रकम लेकर अमेरिका में कार्य वीजा दिलाने का झांसा दिया था। निस्संदेह, युवाओं का धोखेबाज एजेंटों के जाल में फंसना हमारे तंत्र की विफलता ही है। यदि ऐसे एजेंट कानून व्यवस्था के शिकंजे में फंस गये होते तो युवा ठगी के शिकार न बनते। आखिर हम अपने युवाओं को देश में सम्मानजनक रोजगार क्यों नहीं दे पा रहे हैं? वहीं युवा भी धैर्य व कठिन परिश्रम के बजाय रातोंरात अमीर बनने के सपने सजोने लगते हैं। आखिर क्या वजह है कि मां-बाप जमीन बेचकर व अपने गहने-मकान गिरवी रखकर बच्चों को विदेश भेजने को आतुर हैं? यह जानते हुए कि आये दिन तमाम युवा फर्जी एजेंटों के जाल में फंसकर अपना सबकुछ गवांकर देश लौटते हैं। पिछले दिनों दलालों ने देश के युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर युद्धरत रूस की फौज में भर्ती करवा दिया। कई युवाओं के युद्ध में मरने की खबरें भी आई। आखिर सुनहरे सपनों की चकाचौंध में हमारे युवा दलालों के हाथों के खिलौने क्यों बन रहे हैं? अमेरिका जाने के सम्मोहन में अपने जीवन को इस तरह जोखिम में डालना क्या उचित है? भारत अन्य देशों के साथ मिलकर युवाओं को धोखे से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई के लिये क्या कर रहा है? निस्संदेह, विभिन्न महाद्वीपों के राष्ट्रों को शामिल किए बिना दलाली-ठगी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों का खातमा संभव नहीं है। एशिया, यूरोप व मध्य अमेरिका तक दलालों के जाल बिछे हैं। अपना कमीशन लेकर वे युवाओं को आगे धकेलते हैं। ऐसे मामले उजागर होने के तुरंत बाद कुछ गिरफ्तारियां इस बड़े संकट का समाधान नहीं है। आपराधिक कृत्यों में लिप्त एजेंट कुछ समय के लिये तो चुप बैठ जाते हैं। कुछ समय बाद वे अपने नापाक खेल में फिर सक्रिय हो जाते हैं। वैसे वे युवा भी कम दोषी नहीं हैं जो वास्तविक स्थिति को जाने बिना शॉर्टकट रास्ते के लिये दलालों को पैसे देने को तैयार हो जाते हैं। दरअसल, विदेश जाने के इच्छुक उम्मीदवारों को आधिकारिक चैनल को दरकिनार करने के खतरों के बारे में भी बताना चाहिए। इसके लिये उन्हें सचेत करने के मकसद से जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इस लड़ाई में सभी हितधारक भी जिम्मेदार भूमिका निभाएं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सुंदर कीर्ति रूपी सुहावनी सरयूजी रामभक्ति रूपी गंगाजी में जा मिलीं। छोटे भाई लक्ष्मण सहित श्री रामजी के युद्ध का पवित्र यश रूपी सुहावना महानद सोन उसमें आ मिला॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जुग बिच भगति देवधुनि धारा। सोहति सहित सुबिरति बिचारा॥**
**त्रिबिध ताप त्रासक तिमुहानी। राम सरूप सिंधु समुहानी॥**

दोनों के बीच में भक्ति रूपी गंगाजी की धारा ज्ञान और वैराग्य के सहित शोभित हो रही है। ऐसी तीनों तापों को डराने वाली यह तिमुहानी नदी रामस्वरूप रूपी समुद्र की ओर जा रही है॥

**मानस मूल मिली सुरसरिही। सुनत सुजन मन पावन करिही॥**
**बिच बिच कथा बिचित्र बिभागा। जनु सरि तीर तीर बन बागा॥**

इस (कीर्ति रूपी सरयू) का मूल मानस (श्री रामचरित) है और यह (रामभक्ति रूपी) गंगाजी में मिली है, इसलिए यह सुनने वाले सज्जनों के मन को पवित्र कर देगी। इसके बीच-बीच में जो भिन्न-भिन्न प्रकार की विचित्र कथाएँ हैं, वे ही मानो नदी तट के आस-पास के वन और बाग हैं॥

**उमा महेस बिबाह बराती। ते जलचर अगनित बहुभाँती॥**
**रघुबर जनम अनंद बधाई। भवँर तरंग मनोहरताई॥**

श्री पार्वतीजी और शिवजी के विवाह के बाराती इस नदी में बहुत प्रकार के असंख्य जलचर जीव हैं। श्री रघुनाथजी के जन्म की आनंद-बधाइयाँ ही इस नदी के भँवर और तरंगों की मनोहरता है॥

(क्रमशः..)

# छत्रपति प्रतिमा का ढहना शासन-तंत्र की भ्रष्टता का प्रमाण

मराठा पहचान और परम्परा के प्रतीक पुरुष, प्रथम हिन्दू नेता छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में की गयी 35 फीट ऊंची प्रतिमा का थरथरा कर गिर जाना राष्ट्रीय शर्म एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार का दुःखद अध्याय है। इस तरह हमारे एक महानायक की महान स्मृतियों से जुड़ी इस प्रतिमा का गिरना एवं ध्वस्त होना सरकार में गहरे पैठ चुके भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं रिश्वतखोरी को उजागर करता है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में जिस तीव्रता से व्याप्त है, उसका यह एक ज्वलंत उदाहरण है, जो सरकार की साख को धुंधला रही है, यह घटना भारतीय नौसेना की साख को भी बट्टा लगा रही है, यह घटना इसलिए भी गंभीर चिंता की बात है कि इससे हमारे सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की कलई खुल गई है। गौर कीजिए, इस प्रतिमा के निर्माण पर करीब 3,600 करोड़ रुपये की लागत आई थी और इसी 4 दिसंबर को नौसेना दिवस पर इसका अनावरण किया गया था।



**सिंधु दुर्ग में शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा के गिर जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल आना स्वाभाविक है, इससे लोगों का आहत होना भी उचित हैं। क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के महानायक एवं जन-जन की आस्था के केन्द्र हैं।**

सिंधु दुर्ग में शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा के गिर जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल आना स्वाभाविक है, इससे लोगों का आहत होना भी उचित हैं। क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के महानायक एवं जन-जन की आस्था के केन्द्र हैं। वे महाराष्ट्र के जीवन का अभिन्न अंग हैं एवं वहां की राजनीति उनके नाम के इर्द-गिर्द घूमती है। महाराष्ट्र ही नहीं सम्पूर्ण देश में शिवाजी महाराज के प्रशंसक हैं। मराठों के अस्तित्व एवं अस्मिता के वे प्राण रहे हैं, मराठों को उन्होंने ने ही लड़ना सिखाया, उनके जीवन को उन्नत बनाया। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के महाराष्ट्र की सभी जातियों को एक भगवा झंडे के नीचे एकत्रित किया और मराठा साम्राज्य की स्थापना की। शिवाजी ने अपने राज्य-शासन में मानवीय नीतियां अपनाई थी जो किसी धर्म पर आधारित नहीं थी। महाराष्ट्र क्योंकि उनकी जन्मस्थली ही नहीं कर्मस्थली भी रहा इसलिए महाराष्ट्र की आबोहवा में वे आज भी जीवंत हैं। ऐसे महानायक की प्रतिमा के गिर जाने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में तूफान खड़ा हो गया है। मूर्ति का निर्माण और डिजाइन नौसेना ने तैयार किया था। कहा तो यही जा रहा है कि 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं के कारण प्रतिमा टूटकर गिर गई।

छत्रपति शिवाजी के महाराष्ट्र और मराठा संस्कृति के ही नहीं, बल्कि भारतीयता के प्रतीक एवं प्रेरणा पुरुष हैं। आम मराठी भावनात्मक रूप से उनसे जुड़ा है। ऐसे में, इस मूर्ति का ढहना राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार एवं भारतीय नौसेना की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करती है। चंद महीने बाद ही राज्य में विधानसभा चुनाव होने के कारण यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनना निश्चित है। एक मजबूत विपक्षी पार्टी शिव सेना की पूरी राजनीति शिवाजी के शौर्य व आत्म-गौरव से प्रेरित है, एनसीपी शरद पवार, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने एकनाथ शिंदे सरकार को निशाना बनाना शुरू कर दिया है और आरोप लगाया है कि छत्रपति शिवाजी का स्मारक चुनावों को देखते हुए जल्दबाजी में बनाया गया था और इस काम में गुणवत्ता को पूरी तरह से अनदेखा किया गया। प्रतिमा का ढह जाना छत्रपति शिवाजी का अपमान तो है ही और यह जाहिर है कि इसका काम घटिया गुणवत्ता का था। इसीलिये घटना को शिवाजी के अपमान के रूप में पेश किया जाने लगा है। चुनाव की सरगर्मियों के बीच शिवाजी की प्रतिमा का मुद्दा चर्चा में आ गया है। इस मुद्दे को वोट जुटाने के लिए असरदार हथियार के रूप में जरूर इस्तेमान किया जायेगा। लेकिन मूल प्रश्न है ऐसे भ्रष्टाचार को रोकने की दिशा में कब सार्थक प्रयास होंगे? राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करके दोषियों को कड़ी सजा दिलानी चाहिए, ताकि न सिर्फ विपक्ष के आरोपों की धार को निस्तेज किया जा सके, बल्कि सार्वजनिक निर्माण में किसी किस्म की लापरवाही या उदासीनता बरतने वालों को भी यह संदेश मिल सके कि वे बख्शे नहीं जाएंगे।

यह पहली घटना नहीं है, जिसमें किसी बड़ी निर्माण योजना की कमी इस तरह की भ्रष्ट एवं लापरवाही के रूप में उजागर हुई है। हमारे सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बार-बार तार-तार होती रही है। मई 2023 में उज्जैन के महालोक कोरिडोर में लगी सप्तऋषियों की मूर्तियां भी इसी तरह आंधी-तूफान में धराशायी हो गई थीं। अयोध्या में भी सड़के ध्वस्त हो गयी थी। बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं हैरान करने के साथ-साथ चिंतित करने वाली बनी हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना से भी हर कोई हैरान हुआ है। मुंबई में घाटकोपर का होर्डिंग गिरना 14 लोगों की मौत का कारण बना था। कहीं नई बनी सड़कें धंस हो जाती हैं तो कहीं नई सरकारी इमारतों में दरारे पड़ जाती है। इन मूर्तियों, पुलों, सड़कों एवं सार्वजनिक निर्माण के अन्य सरकारी निर्माणों के ध्वस्त होने की घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रतिमाएं हो या पुल-इनके गिरने से जितने पैसों की बर्बादी होती है, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जाएगी? जाहिर है, इनकी वजहों को समझने के लिए किसी मजबूत, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तंत्र की जरूरत है। निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता से समझौता और राजनीतिक दबाव में जल्द से जल्द कार्य पूरा करने की प्रवृत्ति ने ऐसी दुर्घटनाओं की गति एवं मात्रा बढ़ाई है। इसके लिए समूचे तंत्र को अपनी कार्य-संस्कृति पर भी गौर करने की जरूरत है। शिवाजी की प्रतिमा के तेज हवा में यूं ढह जाने से हमें सबक सीखने की जरूरत है।

सवाल है कि जब सरकार किसी कंपनी को ऐसे राष्ट्रीय महत्व के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती हैं, उससे पहले क्या गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी निर्माण योजना, डिजाइन, प्रक्रिया, सामग्री, समय-सीमा और संपूर्णता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी समझा जाता? देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषतः राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण-कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन-रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। इसका सीधा असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ता है। निर्माण घटिया होगा तो फिर उसके धराशायी होने की आशंका भी बनी रहती है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की पारदर्शी नीति नियामक केन्द्र बनाने के साथ उस पर अमल भी जरूरी है। विकसित देशों में भी ऐसे हादसे होते हैं, लेकिन अंतर यह है कि भारत में ऐसे हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है।

रणनीति में सभी अपने को चाणक्य बताने का प्रयास करते हैं पर चन्द्रगुप्त किसी के पास नहीं है। घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए हल्ला उनके लिए राजनैतिक मुद्दा होता है, कोई नैतिक आग्रह नहीं। कारण अपने गिरेबार में तो सभी झांकते हैं वहां सभी को अपनी कमीज दागी नजर आती है, फिर भला भ्रष्टाचार से कौन निजात दिरायेगा? ऐसी व्यवस्था कब कायम होगी कि जिसे कोई रिश्वत छू नहीं सके, जिसको कोई सिफारिश प्रभावित नहीं कर सके और जिसकी कोई कीमत नहीं लगा सके। ईमानदारी अभिनय करके नहीं बताई जा सकती, उसे जीना पड़ता है कथनी और करनी की समानता के स्तर तक। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। तभी इन मूर्तियों, पुलों, निर्माण कार्यों का भर-भराकर गिरना बन्द होगा।

**लेखक- ललित गर्ग**

# कैसे रुके अन्न की बर्बादी

मनुष्य, जानवर, पशु-पक्षी यहां तक पेड़ पौधों और जलचर भूख की नैसर्गिक प्राकृतिक प्रक्रिया के सच से गुजर रहे हैं। दुनिया का संघर्ष ही इस भूख को मिटाने हेतु ही कायम है। प्राकृति की संरचना ही इस क्षुदा की निरंतर पूर्ति के लिए प्रयासरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ की फूड वेस्ट इंडेक्स सर्वे के अनुसार 2024 में हर एक नौ में से एक व्यक्ति पर्याप्त भोजन तथा आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाता हैद्य संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में एड्स, मलेरिया ,टीबी और करोना 2023 में जितने व्यक्ति की मृत्यु हुई है उससे कहीं ज्यादा लोग भुखमरी से ग्रस्त होकर भगवान को प्यारे हो गए है द्य संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार ही पूरी दुनिया में गरीबों की संख्या लगभग 140 करोड़ है और दूसरी तरफ दुनिया में सर्वाधिक प्रभावित गरीब व्यक्ति भारत में निवासरत हैंद्य संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत फूड वेस्ट इंडेक्स 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 93 करोड़ लाख टन खाना कूड़े करकट के रूप में बर्बाद हुआ हैद्य जिनमें घरों से निकला हुआ भोज्य पदार्थ का कूड़ा करकट लगभग 55त्न, होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य बाजार के भोजन बेचने वालों 24त्न तथा अन्य क्षेत्र में लगभग 22 से 24त्न भोजन बर्बाद हुआ हैद्य पूरे विश्व में भोजन के बर्बाद होने से भुखमरी के आंकड़े और भी बढ़ गए हैंद्य बड़ी हैरानी और हैरतअंगेज बात यह है कि पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति 1 साल में लगभग 122 से 124 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता हैद्य भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 50 किलो ,अफगानिस्तान 82 किलो, नेपाल 79 किलो ,श्रीलंका 76 किलो, पाकिस्तान 74 किलो और भूटान जैसा छोटा देश 79 किलो भोजन बर्बाद करता हैद्य भोजन बर्बाद करने की एवं भोजन को कूड़ा करकट बनाकर फेंकने की कुसंस्कृति ही लगातार कई देशों को गरीब से गरीबतर बनाते जा रही हैद्य पूरे विश्व स्तर पर विकसित विकासशील एवं गरीब देश भोजन की निर्मम बर्बादी करते आ रहे हैंद्य एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ भुखमरी उन्मूलन के लिए अभियान छेड़ कर रखा है जिसका नाम दिया गया है जीरो हंगर यानी कि भुखमरी शून्य स्तर पर लाने का प्रयास जारी है पर इस अभियान में विकासशील ,गरीब तथा विकसित देश अपने देशों में खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट को फेंक कर अवरोध पैदा करने में कोई कमी बेसी नहीं छोड़ रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में कुछ विकासशील देशों में बढ़ती जनसंख्या और लगातार गिरते अनाज के उत्पादन के साथ-साथ अन्न की निर्मम बर्बादी की वजह से दुनिया भर में भूख और भुखमरी से पैदा होने वाली समस्याओं तथा भुखमरी से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह भारत देश का दुर्भाग्य है की कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में करीब 50 हजार करोड़ की कीमत का हर साल अपशिष्ट के रूप में अन्न बर्बाद होता है, शायद आपको अंदाजा ना हो कि इतना अनाज बिहार जैसे बड़े राज्य की जनसंख्या को 1 वर्ष तक अन्य की आपूर्ति कर सकता है।



भोजन की बर्बादी एक सामाजिक अपसंस्कृति एवं कुसंस्कृति की तरह व्याप्त होती जा रही है,। भोजन की इस तरह बर्बादी एक तरह से कुसंस्कृति को बढ़ावा देकर एक सामाजिक बुराई के रूप में सामने आ रही है। अनाज को थाली या कूड़ेदान में फेंक देने से उससे केवल अनाज की बर्बादी नहीं होती बल्कि ऊर्जा, जल ,पोषक तत्वों की बर्बादी होती है। अलावा इसको पैदा करने वाले किसानों को भी एक तरह निराशा का सामना करना पड़ता है अनाज उत्पादन के लिए जितनी मेहनत मशक्कत किसान करता है उसके अलावा खेती की जमीन बढ़ाने के लिए वनों का विनाश भी बड़ी तेजी से हो रहा है एवं उस जमीन की उर्वरा शक्ति का भी निरंतर क्षरण हो रहा है ।लगातार रसायनिक खादों रासायनिक तत्वों के उपयोग के कारण मिट्टी की गुणवत्ता तो खराब हो ही रही है। इसके अलावा पर्यावरण एवं वातावरण भी खराब होता जा रहा है एवं खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट छोड़ने से जानवरों की खाने से जानवरों को भी जीवन का खतरा बनते जा रहा है। इससे अन्य संक्रामक बीमारियां भी फैलने का खतरा बढ़ने लगा है।

अनाज को अपशिष्ट के रूप में बर्बाद करने से न सिर्फ अनाज बर्बाद होता है बल्कि किसान की मेहनत जमीन का क्षरण उसमें लगने वाली सिंचाई के लिए पानी की बर्बादी एवं समय का दुरुपयोग भी माना जाता है। हमारे द्वारा जो भोजन का अपशिष्ट पदार्थ कूड़ेदान में छोड़ दिया जाता है उसकी वजह से वैश्विक अनुसंधान से यह बताया गया है की ग्रीन हाउस गैस ने 10 से 15त्न तक का इजाफा होता है खराब पदार्थों से गैस उत्सर्जन के कारण वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग का भी खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। पदार्थ को छोड़ने से वातावरण दूषित होता है एवं संक्रामक बीमारियां न सिर्फ जानवरों में बल्कि इंसानों में भी तेजी से फैलने लगती है एवं इंसान की मौत तक होने लगी है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की ताजा रिपोर्ट के अनुसार यदि भोजन के अपशिष्ट पदार्थ इसी तरह थोड़े जाएंगे तो कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन से मानव जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा बढ़ सकता है एवं मनुष्य घुट घुट कर जीने के लिए मजबूर हो सकता है। भारत विशेष के संदर्भ में यह केवल देश के नागरिकों को ही सलाह दी जा सकती है कि वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा गरीबी वाले देश में अनाज एवं भोजन की बर्बादी से बचें जिससे अनाज का सदुपयोग भूखे तथा जरूरतमंदों को मुहैया कराया जा सके एवं अपशिष्ट पदार्थों छोड़ने से ग्लोबल वार्मिंग तथा हानिकारक संक्रमण से बचा जा सकेगा।

**लेखक-संजीव ठाकुर**

# राशिफल

भाद्रपद कृष्ण पक्ष : द्वदशी

(विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी संभव है। रुपये- पैसों और लेनदेन को लेकर थोड़ी कलह भी हो सकती है इसलिए सावधान रहें।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आज आपका पराक्रम रंग लाएगा और रोजी व रोजगार में तरक्की होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा और प्रेम संबंध अच्छे रहेंगे।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
धन बढ़ेगा और कुटुंब में सुख और समृद्धि आएगी। शब्द साधक की तरह व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार की स्थितियां बहुत अच्छी हैं।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
प्रेम और संतान से अभी भी दूरी है। व्यापार भी मध्यम है। हालांकि व्यापार पहले से थोड़ा बेहतर जरूर होगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
खर्च की अधिकता रहेगी। मन में चिड़चिड़ापन रहेगा। अज्ञात भय सताएगा और स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन के नये स्त्रोत । पुराने स्त्रोत से भी पैसे आएंगे। व्यापार के नये योग बन सकते हैं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोर्ट- कचहरी के मामलों में विजय मिलेगी। व्यापार में भी सफलता मिलेगी। धर्म और कर्म में हिस्सा लेंगे।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। राह में आने वाली परेशानियां दूर होंगी। स्वास्थ्य में सुधार और प्रेम की स्थिति अच्छ रहेगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
चोट लग सकती है और किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकुल हैं. प्रेम और संतान अच्छा और व्यापार भी अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी से भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आज आप अपने शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों में रुकावट आने के बाद भी सारे कार्य संपन्न होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भावुकता में आकर कोई निर्णय मत लीजिये, नहीं तो नुकसान हो सकता है। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें।

# जेपी पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स सेंटर का हुआ उद्घाटन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कल समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण द्वारा स्पेशल ओलंपिक्स भारत के उत्तर प्रदेश के पहले स्पोर्ट्स सेंटर का उद्घाटन जेपी पब्लिक स्कूल में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण एवं स्पेशल ओलंपिक भारत के जनरल सेक्रेटरी डी. जी. चौधरी, विशिष्ट अतिथि जेपी पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की चेयरपर्सन उर्वशी गौर, स्पेशल ओलंपिक्स भारत, उत्तर प्रदेश के चेयरमैन मुकेश शुक्ला, जेपी पब्लिक स्कूल ग्रुप के प्रेसिडेंट (एजुकेशन) कमांडर एस.जे.सिंह, वाइस प्रेसिडेंट (एजुकेशन) डॉ. आर.एस. पंवार, प्रिंसिपल मीता भंडूला एवं स्पेशल ओलंपिक्स भारत, ग्रेटर नोएडा के चेयरमैन डॉ नितिन अग्रवाल, ज्योत्स्ना अरुण, समाज सेविका आभा चौहान ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।

जेपी पब्लिक स्कूल ग्रुप के प्रेसिडेंट (एजुकेशन) कमांडर एस.जे.सिंह ने कहा कि यह केंद्र उत्तर प्रदेश में समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत है और हमें इस परिवर्तनकारी यात्रा का नेतृत्व करने पर गर्व है। इस क्षेत्र में विशेष जरूरतों वाले वच्चों के लिए स्पोर्ट्स सेंटर की अत्यंत आवश्कता थी। हमारा विद्यालय इस क्षेत्र में निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। वाइस प्रेसिडेंट (एजुकेशन) डॉ. आर.एस. पंवार ने स्कूल और स्पेशल ओलंपिक्स भारत के बीच साझेदारी को अत्यंत उपयोगी बताया और कहा कि यह सहयोग विशेष जरूरतों वाले बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में एक्सीक्युटिव डाइरेक्टर स्पेशल ओलंपिक भारत डॉ वी. के महेन्द्रु , कुनाल सब्बरवाल, शैलेन्द्र सिंह अभिभावक, शिक्षक एवं विद्यार्थी एवं विभिन्न चैनलों के मीडिया कर्मी मौजूद रहे। प्रधानाचार्या मीता भंडूला ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। स्पेशल एथलीट अंश ठाकुर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सीपीआई (एम) का सम्मेलन संपन्न



**नोएडा ( चेतना मंच )।** बरौला सेक्टर-49 जूनियर हाई स्कूल को इंटर कॉलेज की मान्यता दिलवाने, गांव में साफ सफाई की व्यवस्था को ठीक करवाने, राशन डीलरों द्वारा की जा रही मनमानी, घटतोली व अन्य अनियमिताओं के खिलाफ संघर्ष को तेज करने के निर्णय के साथ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की गांव बरौला सेक्टर- 49 पार्टी ब्रांच का सम्मेलन आज बरौला शिव मंदिर पर कामरेड चिंता हरण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन में पार्टी ब्रांच सचिव कामरेड धर्मपाल चौहान ने पार्टी ब्रांच के 3 साल के कार्यों और आगामी 3 वर्षों के लिए काम की योजना की रिपोर्ट रखी जिस पर सम्मेलन में मौजूद पार्टी सदस्य राकेश चौधरी, राजकरण सिंह, गुड़िया देवी, सरोज देवी, रेखा चौहान, जयानंद, पिंकी देवी आदि ने अपने-अपने विचार और सुझाव रखें। साथ ही गांव में प्राधिकरण व प्रशासन की उपेक्षा से लोगों को हो रही समस्याओं को रेखांकित किया।

सम्मेलन में सर्वसम्मति से कामरेड धर्मपाल सिंह चौहान को ब्रांच सचिव चुना गया। सम्मेलन में उद्घाटन भाषण सीपीआई (एम) जिला प्रभारी कामरेड गंगेश्वर दत्त शर्मा और समापन भाषण जिला कमेटी की सदस्या कामरेड आशा यादव ने रखा।

उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की जन विरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न/ यौन शोषण की घटनाओं और गलत नीतियों के कारण आम लोगों की बढ़ती तकलीफों को रेखांकित करते हुए उक्त हालात के खिलाफ एकजुट होकर बड़ा आंदोलन खड़ा करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

# किसान एकता संघ 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एनपीसीएल को सौंपा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय किसानों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा व जिलाध्यक्ष पप्पे नागर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा विक्रम नागर के नेतृत्व में नॉलेज पार्क 3 स्तिथ एनपीसीएल के कार्यालय पर एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए क्षेत्रीय किसानों की 11 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन एनपीसीएल के सुबोध त्यागी को सौंपा ।

ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के मीटर उतरे जाए और बिल पहले की तरह फिक्स किया जाए किसानों को सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त दी जाए मीटर हटाए जाए,ग्रामीण क्षेत्र में लगे लोहे के पोलो को बदलकर पत्थर के पोल लगाए जाए जिससे ग्रामीण क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके, डूब क्षेत्र में जितनी भी कालोनी है सभी को कनेक्शन व बिजली आपूर्ति दी जाए,सभी धार्मिक स्थलों पर फ्री कनेक्शन देकर बिजली फ्री दी जाए, किसानों को अस्थाई कनेक्शन 6 माह के लिए 6 हजार रूपये में दिया जाए,किसानों पर दर्ज फर्जी बिजली चोरी के मुकदमे तत्काल प्रभाव से खत्म किए जाए,सभी 11 सूत्रीय मांगों का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए।

इस दौरान जिला प्रभारी प्रिन्स शर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय किसानों के साथ एनपीसीएल द्वारा किए जा रहे अत्याचारों को संगठन बिलकुल भी बर्दास्त नही किया जायेगा ।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण चौधरी ने बताया कि अगर 20 दिनों में 11 सूत्रीय मांगो का निस्तारण एनपीसीएल द्वारा नही किया गया तो आगामी 18 सितम्बर को किसान एकता संघ क्षेत्रीय किसानों के साथ एनपीसीएल के ऑफिस पर महापंचायत करेंगे ।

इस दौरान श्रीकृष्ण, विक्रम नागर, मनीष नागर, देवेन्द्र नागर, उम्मेद एडवोकेट, ओमवीर समसपुर,राकेश नागर, अरविन्द सेक्रेटरी, नीरज कसाना, जाफर खान, शिवम शर्मा, दुर्गेश शर्मा, सल्लन खान, मेहरबान अली, बिट्टू नागर, सतवीर भाटी, देवेन्द्र भाटी, तेजा गुर्जर, विकास फागना, नीतू, राकेश नागर, परवेज खान, गोलू आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मानसिक तनाव के चलते युवक ने खाया जहर



**नेएडा ( चेतना मंच )।** मानसिक तनाव के चलते एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि सचिन कुमार भाटी (39 वर्ष) पुत्र चाहत सिंह भाटी निवासी ग्राम शेरपुर जनपद बुलंदशहर ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर बुधवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। उन्होंने बताया कि अत्यंत गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक पंकज कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अग्रिम कार्रवाई जनपद बुलंदशहर पुलिस द्वारा की जाएगी

# 100 वर्षों से चला आ रहा पारसी थियेटर बंद होने से कलाकारों में रोष



**दनकौर( चेतना मंच )।** कस्बा स्थित श्री द्रोणाचार्य मंदिर प्रांगण में प्रत्येक वर्ष श्री कृष्ण जन्मोतत्सव पर लगने वाले मेले विगत 100 वर्षों से पारसी थियेटर के माध्यम से नाट्य मंचन होता आ रहा है। इस बार 101 वें मेला के दौरान पारसी थियेटर के माध्यम से कार्यक्रमों का मंचन नही होने के कारण कलाकारों में रोष व्याप्त है। लोगों द्वारा मेला कमिटी से नाटकों का मंचन करने की अपील भी की गई लेकिन कोई समाधान नही निकल सका। इसकी खास बात यह थी कि 30 से अधिक क्षेत्रीय कलाकारों के द्वारा ही अभिनय प्रस्तुत किया जाता रहा है। कस्बा के रहने वाले आलोक मोहन गोयल ने बताया कि सबसे पहले उनके दादा पारसी थियेटर के डायरेक्टर रहे उसके बाद उनके पिता राधारमण गोयल और विगत वर्ष तक वह स्वयं डायरेक्टर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि भारत में पारसी थियेटर केवल पांच स्थानों गुजरात, मुरादाबाद, मुम्बई में दो स्थानों पर और दनकौर कस्बे में चल रहा था। उनका दावा है कि पारसी थियेटर से प्रेरित होकर ही फिल्में बननी शुरू हुई थीं। कस्बा निवासी तरुण शर्मा ने बताया कि वह विगत करीब 10 वर्षों से पारसी थियेटर के माध्यम से तरह तरह के अभिनय प्रस्तुत करते आ रहे हैं। करीब दो माह पहले ही नाटकों के मंचन की तैयारियां शुरू हो जाती थीं। कुछ वर्षों तक कस्बे की रहने वाली दो महिलाओं ने भी इसमें काम किया था लेकिन उनके बाद पुरुष कलाकार ही महिला कलाकार की भूमिका निभाने लगे । पारसी थियेटर में भूमिका निभाने वाले कस्बे के पात्र संदीप भट्ट, पुरुषोत्तम सिंघल, उमेश सैनी, डॉक्टर रहमत अली, मनीष गर्ग, तरुण शर्मा और आलोक मोहन गोयल आदि समेत 30 से अधिक लोग अलग अलग अभिनय प्रस्तुत करते थे। मेले के अवसर पर होने वाले इन नाटकों को देखने के लिए दूरदराज के लोग आया करते थे लेकिन वर्तमान में इनके बंद हो जाने से कलाकारों और दर्शकों में रोष व्याप्त है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जाहिद खान पुत्र शब्बीर निवासी- ग्राम बैरगपुर, नई बस्ती, तहसील, दादरी- जिला- गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश)। मेरी पुत्री शिफा, जन्मतिथि 23/06/ 2020 के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या-बी 2020-99-90108-006124 पंजीकरण दिनांक 13.08. 2020 को नगर पालिका परिषद दादरी में पंजीकृत करते वक्त मैंने अपनी पुत्री का नाम त्रुटिवश शिफा की जगह अलफिजा लिखवा दिया है । जो गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम शिफा है। जिससे सुधार कर अलफिजा की जगह शिफा किया जाए और भविष्य में मेरी पुत्री को शिफा के नाम से जाना जाए।

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कामर्शियल काम्पलेक्स, ब्लाक-पी-2, सैक्टर ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, पिन कोड 201308
जिला- गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 दूरभाष नं0-0120-2395201, फैक्स नं0-0120-2395150

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल0एफ0डी0 परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भूखण्ड सं0-AMN0190308 IN AMAN TOWE N-19 AT JAYPEE GREEN AMAN, SECTOR-151, NOIDA, AREA-132.84 SQM जोकि SH. ASHISH KUMAR DWIVEDI के नाम पर सबलीज डीड है। सबलेसी LATE SH. ASHISH KUMAR DWIVEDI की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति का सम्पूर्ण भाग को उनकी पत्नी व नाबालिक पुत्रीयां MRS. MANJU SHARMA THROUGH HER NATURAL GUARDIAN MOTHER MS. KAVYA DWIVEDI & SONDHI DWIVEDI के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है।

अतः इस नामांतरण (Death Mutation) के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में SH. ASHISH KUMAR DWIVEDI के भाग को उनकी पत्नी व नाबालिक पुत्रीयां MRS. MANJU SHARMA THROUGH HER NATURAL GUARDIAN MOTHER MS. KAVYA DWIVEDI & SONDHI DWIVEDI के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक ( सम्पत्ति )



## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2024

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी :-

**04075/04076 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) — 26 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04075 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04076 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | ---- |
| 11:40 | ---- | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

**चलने के दिन :** 04075 नई दिल्ली से प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को दिनांक 06.10.2024 से 17.11.2024 तक एवं 04076 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा से प्रत्येक गुरूवार एवं सोमवार को दिनांक 07.10.2024 से 18.11.2024 तक।
**ठहराव:** सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मूतवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04624/04623 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा – वाराणसी जं. – श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04624 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04623 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:45 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | ---- |
| 23:55 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 05:30 |

**चलने के दिन :** 04624 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा से प्रत्येक रविवार को दिनांक 06.10.2024 से 17.11.2024 तक एवं 04623 वाराणसी जं. से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 08.10.2024 से 19.11.2024 तक।
**ठहराव:** शहीद कप्तान तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, ढंडारी कलां, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ (एनआर), रायबरेली एवं मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन।
**स्थान:** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

**04080/04079 दिल्ली जं. – वाराणसी जं. – दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में तीन दिन) — 22 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04080 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04079 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:30 | दिल्ली जं. | 08:50 | ---- |
| 09:45 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 18:20 |

**चलने के दिन :** 04080 दिल्ली जं. से प्रत्येक सोमवार, गुरूवार, शनिवार को दिनांक 24.10.2024 से 16.11.2024 तक एवं 04079 वाराणसी जं. से प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार, रविवार को दिनांक 25.10.2024 से 17.11.2024 तक।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ एवं मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04530/04529 बठिण्डा जं. – वाराणसी जं. – बठिण्डा जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) — 14 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04530 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04529 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:50 | बठिण्डा जं. | 17:00 | ---- |
| 17:30 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 20:40 |

**चलने के दिन :** 04530 बठिण्डा जं. से प्रत्येक सोमवार, शुक्रवार को दिनांक 25.10.2024 से 15.11.2024 तक एवं 04529 वाराणसी जं. से प्रत्येक मंगलवार, शनिवार को दिनांक 26.10.2024 से 16.11.2024 तक।
**ठहराव:** रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04096/04095 आनन्द विहार ट. – अयोध्या कैंट – आनन्द विहार ट. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में तीन दिन) — 38 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04096 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04095 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 09:00 | आनन्द विहार ट. | 22:30 | ---- |
| 22:00 | ---- | अयोध्या कैंट | ---- | 09:00 |

**चलने के दिन :** 04096 आनन्द विहार ट. से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को दिनांक 07.10.2024 से 18.11.2024 तक एवं 04095 आयोध्या कैंट से प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को दिनांक 08.10.2024 से 19.11.2024 तक।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली एवं लखनऊ स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

**04518/04517 चण्डीगढ़ – गोरखपुर जं. – चण्डीगढ़ आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04518 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04517 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:15 | चण्डीगढ़ | 14:10 | ---- |
| 18:20 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 22:05 |

**चलने के दिन :** 04518 चण्डीगढ़ से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 24.10.24 से 14.11.24 तक एवं 04517 गोरखपुर जं. से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 25.10.24 से 15.11.24 तक।
**ठहराव:** अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., 3 टीयर वाता इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

**04060/04059 आनन्द विहार ट. – जयनगर – आनन्द विहार ट. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) — 14 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04060 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04059 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 10:30 | आनन्द विहार ट. | 19:55 | ---- |
| 15:15 | ---- | जयनगर | ---- | 17:00 |

**चलने के दिन :** 04060 आनन्द विहार ट. से प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार को दिनांक 25.10.2024 से 15.11.2024 तक एवं 04059 जयनगर से प्रत्येक बुधवार, शनिवार को दिनांक 26.10.2024 से 16.11.2024 तक।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04068/04067 दिल्ली जं. – दरभंगा जं. – दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन) — 14 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04068 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04067 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:30 | दिल्ली जं. | 16:35 | ---- |
| 16:30 | ---- | दरभंगा जं. | ---- | 18:00 |

**चलने के दिन :** 04068 दिल्ली जं. से प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार को दिनांक 25.10.2024 से 15.11.2024 तक एवं 04067 दरभंगा जं. से प्रत्येक बुधवार, शनिवार को दिनांक 26.10.2024 से 16.11.2024 तक।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनियां, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04044/04043 आनन्द विहार ट. – गोरखपुर जं. – आनन्द विहार ट. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04044 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04043 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:15 | आनन्द विहार ट. | 10:40 | ---- |
| 14:00 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 17:25 |

**चलने के दिन :** 04044 आनन्द विहार ट. से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 26.10.2024 से 16.11.2024 तक एवं 04043 गोरखपुर जं. से प्रत्येक रविवार को दिनांक 27.10.2024 से 17.11.2024 तक।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04010/04009 आनन्द विहार ट. – जोगबनी – आनन्द विहार ट. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04010 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04009 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:45 | आनन्द विहार ट. | 16:05 | ---- |
| 05:20 | ---- | जोगबनी | ---- | 09:00 |

**चलने के दिन :** 04010 आनन्द विहार ट. से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 29.10.2024 से 12.11.2024 तक एवं 04009 जोगबनी से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 31.10.2024 से 14.11.2024 तक।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ, अररिया कोर्ट, अररिया एवं फारबिसगंज स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04678/04677 फिरोजपुर कैंट जं. – पटना जं. – फिरोजपुर कैंट जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 12 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04678 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04677 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 13:25 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:40 | ---- |
| 17:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 18:45 |

**चलने के दिन :** 04678 फिरोजपुर कैंट जं. से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 09.10.2024 से 13.11.2024 तक एवं 04677 पटना जं. से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 10.10.2024 से 14.11.2024 तक।
**ठहराव:** कोटकपूरा जं., बठिण्डा जं., रामपुरा फूल, धूरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04211/04212 वाराणसी जं. – चण्डीगढ़ – वाराणसी जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04211 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04212 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:50 | वाराणसी जं. | 01:20 | ---- |
| 07:45 | ---- | चण्डीगढ़ | ---- | 09:30 |

**चलने के दिन :** 04211 वाराणसी जं. से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 26.10.24 से 16.11.24 तक एवं 04212 चण्डीगढ़ से प्रत्येक रविवार को दिनांक 27.10.24 से 17.11.24 तक।
**ठहराव:** माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी एवं अम्बाला कैंट जं स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., 3 टीयर वाता इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

**04553/04554 सहारनपुर – अम्बाला कैंट – सहारनपुर एमईएमयू अनारक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) — 112 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04553 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04554 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:40 | सहारनपुर | 22:30 | ---- |
| 06:45 | ---- | अम्बाला कैंट | ---- | 20:20 |

**चलने के दिन :** 04553 सहारनपुर से एवं 04554 अम्बाला कैंट से प्रतिदिन दिनांक 05.10.2024 से 30.11.2024 तक।
**ठहराव:** पिलखनी, सरसावा, कलानौर, जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, दराजपुर, मुस्तफाबाद, बराड़ा, तंदवाल, केसरी एवं दुखेरी स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

**04815/04816 जोधपुर जं. – मऊ जं. – जोधपुर जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 16 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04815 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04816 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:30 | जोधपुर जं. | 08:55 | ---- |
| 23:20 | ---- | मऊ जं. | ---- | 04:00 |

**चलने के दिन :** 04815 जोधपुर जं. से प्रत्येक रविवार को दिनांक 06.10.24 से 24.11.24 तक एवं 04816 मऊ जं. से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 08.10.24 से 26.11.24 तक।
**ठहराव:** पीपाड़ रोड जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा जं., जयपुर जं., गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई जं., मण्डावर, खेरली, नदबई, भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज, फर्रुखाबाद जं., कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ एनआर, अयोध्या धाम, शाहगंज, खोरासन रोड, आजमगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन।
**स्थान:** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04823/04824 जोधपुर जं. – मऊ जं. – जोधपुर जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04823 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04824 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:30 | जोधपुर जं. | 08:55 | ---- |
| 23:20 | ---- | मऊ जं. | ---- | 04:00 |

**चलने के दिन :** 04823 जोधपुर जं. से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 05.10.24 से 30.11.24 तक एवं 04824 मऊ जं. से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 07.10.24 से 02.12.24 तक।
**ठहराव:** पीपाड़ रोड जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा जं., जयपुर जं., गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई जं., मण्डावर एम रोड, खेरली, नदबई, भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज, फर्रुखाबाद जं., कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ एन आर, अयोध्या धाम, शाहगंज, खोरासन रोड, आजमगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04821/04822 भगत की कोठी – हरिद्वार – भगत की कोठी आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04821 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04822 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 08:30 | भगत की कोठी | 23:55 | ---- |
| 03:40 | ---- | हरिद्वार | ---- | 04:40 |

**चलने के दिन :** 04821 भगत की कोठी से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 03.10.2024 से 28.11.2024 तक एवं 04822 हरिद्वार से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 04.10.2024 से 29.11.2024 तक।
**ठहराव:** जोधपुर जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., डेगाना जं., छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ जं., चूरू, सादुलपुर जं., हिसार, जाखल जं., सुनाम उधम सिंह, धूरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट, जं., सहारनपुर एवं रूड़की स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

निम्नलिखित ट्रेनों की संचालन अवधि निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है:-

| विशेष रेलगाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 04022 | आनन्द विहार ट. | सीतामढ़ी | बुधवार एवं शुक्रवार | 30.10.2024 | 01.11.2024 से 29.11.2024 |
| 04021 | सीतामढ़ी | आनन्द विहार ट. | गुरूवार एवं शनिवार | 31.10.2024 | 02.11.2024 से 30.11.2024 |
| 04032 | आनन्द विहार ट. | सहरसा जं. | प्रतिदिन (बुध एवं शुक्र को छोड़कर) | 31.10.2024 | 02.11.2024 से 30.11.2024 |
| 04031 | सहरसा जं. | आनन्द विहार ट. | प्रतिदिन (गुरु एवं शनि को छोड़कर) | 01.11.2024 | 03.11.2024 से 01.12.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय-सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें | पर हमें फॉलो करें | ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिला अस्पताल में डीएनबी कोर्स शुरू करने की मंजूरी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल में डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड (डीएनबी) को शुरू करने की अनुमति शासन से मिल गई है।

जिला अस्पताल में दो विभाग में तीन सीट पर डीएनबी कोर्स शुरू होगा। इसमें दो सीट गायनी विभाग में और एक सीट मेडिसिन विभाग में होगी। इस कोर्स में प्रवेश नीट के माध्यम से होंगे। जिला अस्पताल में एमबीबीएस पास छात्र यह कोर्स कर सकेंगे। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रेनू अग्रवाल ने बताया कि जल्द ही कोर्स में प्रवेश कर कक्षाओं को संचालित किया जाएगा।

# कुलेसरा में एलएमसी की जमीन पर कब्जा के मामले पर जिला प्रशासन गंभीर

## एसडीएम ने दिया कमेटी गठित कर कड़ी कार्यवाई का आश्वासन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद गौतमबुद्धनगर की तहसील सदर स्थित कुलेसरा में कुछ भू–माफिय़ाओं द्वार एलएमसी की जमीन कब्जा कर प्लाटिंग करके करोड़ों की कमाई करने के मामले का जिला प्रशासन ने गंभीर संज्ञान लिया है।

सदर तहसील की एसडीएम चारूल यादव ने इस बाबत **चेतना मंच** को बताया कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके बेचने के मामले में जिला प्रशासन सख्त कदम उठाने जा रहा है। इस मामले में एक टीम गठित कर दी गयी है जो मामले की जांच करके रिपोर्ट सौंपेगी। इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा उसे कतई बख्शा नहीं जाएगा।

बता दें कि **चेतना मंच** ने 27 अगस्त तथा 29 अगस्त 2024 को कुलेसरा में एलएमसी की जमीन पर अवैध कब्जा करके बेचने की खबरें प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसमें कहा गया है कि स्थानीय पटवारी तथा एक सिपाही की सांठगांठ से भूमाफिया योगेश ने 6 बीघा जमीन पर कब्जा कर प्लाटिंग की है।



कुलेसरा में एलएमसी की जमीन पर भू-माफिया ने किया कब्जा

चारदीवारी कर हो रही है प्लॉटिंग, पटवारी की सांठगांठ से फलफूल रहा गोरखधंधा

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर की तहसील सदर में स्थित कुलेसरा गांव में पटवारी तथा एक सिपाही की सांठगांठ से एक भू-माफिया एलएमसी की जमीन पर कब्जा करके प्लाटिंग काटकर उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के बुलडोजर को खुलेआम चुनौती दे रहा है।

जानकारी के मुताबिक गौतमबुद्धनगर जनपद की सदर तहसील के थाना क्षेत्र ईकोटेक- III में स्थित कुलेसरा गांव में एक भू-माफिया ने एलएमसी की जमीन के खसरा संख्या 375, 376 तथा 475 पर स्थित करीब 6 बीघा जमीन पर अतिक्रमण करके कब्जा कर लिया है। उस जमीन पर भू-माफिया चारदीवारी करके उस पर प्लाटिंग काट कर बेच रहा है। अवैध कब्जों के लिए कुख्यात भू माफिया योगेश स्थानीय पटवारी तथा सिपाही के साथ मिलकर इस गोरखधंधे को अंजाम दे रहा है।

स्थानीय पुलिस-प्रशासन इस जमीन पर भू-माफिया मूकदर्शक बना इस अवैध कब्जे को मौन सहमति देता प्रतीत हो रहा है।

बताया जाता है कि इटावा निवासी सिपाही पहले कुलेसरा पुलिस चौकी में तैनात था तथा वर्तमान में मुजफ्फरनगर जिले में तैनात है। इस अवैध कब्जे में स्थानीय पटवारी की बड़ी भूमिका बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पटवारी, माफिया तथा सिपाही सरकारी जमीन को बेचकर आपस में ही करोड़ों की रकम का बंदरबांट कर रहे हैं।

कुछ स्थानीय लोगों ने तहसील सदर में इसकी शिकायत भी की लेकिन सभी आंखों में पट्टी बांधे तथा कानों में तेल डालें इस गोरखधंधे को संरक्षण देते साबित हो रहे हैं। लोगों को उम्मीद है कि इस गंभीर मामले में अब मुख्यमंत्री कार्यालय ही हस्तक्षेप करेगा तभी कोई कड़ा कदम उठ सकेगा।


# इफको में हुआ वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन




**प्रयागराज ( ब्यूरो )।** इफको घियानगर, फूलपुर में विश्व विख्यात हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इफको कर्मचारी एवं न्यूजेन सिक्योरिटी गार्ड की टीमों के बीच वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वॉलीबाल मैच आर.के. कृष्णन स्टेडिम में मैत्री वातावरण में खेला गया जिसमें न्यूजेन सिक्योरिटी की टीम विजयी हुई। कार्यक्रम का संचालन बबलेश मिश्र ने किया। स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शकों ने मैच का आनंद लिया। इफको खेलों का बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष विभिन्न खेलों में जैसे तैराकी, क्रिकेट, लॉन टेनिस, बैडमिन्टन, एथलेटिक, वॉलीबाल आदि खेलों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन करता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न खेलों में कर्मचारी व उनके आश्रितों हेतु ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है। इस दौरान महाप्रबंधक उत्पादन संजय भंडारी, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं इफको इम्पलाइज संघ के पदाधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# मोनू बड़ गुर्जर बने रालोद के महासचिव



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर–5 हरौला निवासी मोनू बड़ गुर्जर पुत्र कुंदन लाल को राष्ट्रीय लोकदल पार्टी का नोएडा महानगर का महासचिव नियुक्ति किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देष पर रालोद के नोएडा महानगर के जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने यह नियुक्ति की है।

उन्होंने मोनू से अपेक्षा जताई है कि नोएडा में राष्ट्रीय लोकदल के प्रचार–प्रसार में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेंगे तथा पार्टी में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर पार्टी का जनाधार बढ़ायेंगे।

# ग्रेनो प्राधिकरण की 22 वाणिज्यिक भूखंडों की योजना लांच

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 22 वाणिज्यिक भूखंडों की योजना लांच कर दी है। इनमें 11 भूखंड दो एफएआर वाले हैं और 11 भूखंड 4 एफएआर वाले हैं। अगर ये सभी भूखंड आवंटित हो गए तो ग्रेटर नोएडा में शीघ्र ही 22 शॉपिंग सेंटर और बन जाएंगे। ग्रेटर नोएडावासियों को रोजमर्रा की जरूरत के सामान खरीदने में और सुविधा हो जाएगी। इससे प्राप्त धनराशि से ग्रेटर नोएडा के विकास कार्यों में खर्च की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर वाणिज्यिक विभाग ने 22 भूखंडों की योजना बृहस्पतिवार को लांच कर दी है। प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार ने बताया कि 29 अगस्त से इस योजना के भूखंडों के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। ये भूखंड 1500 वर्ग मीटर से लेकर 18279 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। ये भूखंड सेक्टर 10, सेक्टर 12, डेल्टा वन, सिग्मा टू, थ्री व फोर, ईटा वन, केपी थ्री (तुगलपुर), चाई–फाई, जीटा वन में स्थित हैं। ओएसडी संतोष कुमार ने बताया कि 29 अगस्त से पंजीकरण शुरू हो गए हैं। स्कीम में पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 19 सितंबर 2024 है। प्रोसेसिंग फीस और डॉक्यूमेंट जमा करने की अंतिम तारीख 23 सितंबर है। फाइनल डॉक्यूमेंट सबमिट करने की आखिरी तिथि 26 सितंबर है। इन भूखंडों का आवंटन ऑक्शन के जरिए ही किया जाएगा। आवेदन से लेकर आवंटन तक की प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। एसबीआई पोर्टल के जरिए आवेदन किया जाएगा।




योजना में 1500 से 18279 वर्ग मीटर तक के भूखंड शामिल

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी एसबीआई पोर्टल को लिंक किया गया है, ताकि आवेदक प्राधिकरण की वेबसाइट से भी आवेदन कर सकते हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा है कि निवेशकों की मांग और ग्रेटर नोएडावासियों की जरूरत को देखते हुए प्राधिकरण ने वाणिज्यिक भूखंड योजना को लॉन्च कर दी है। आवंटन प्रक्रिया पूरी होते ही पजेशन दे दिया जाएगा। इन भूखंडों पर वाणिज्यिक गतिविधियां शुरू होने से आसपास के निवासियों की रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी।

## भूल–सुधार

चेतना मंच के 29 अगस्त 2024 (बृहस्पतिवार) के अंक में भूलवश तिथि 28 अगस्त 2024 प्रकाशित हो गयी है। अत: बृहस्पतिवार को प्रकाशित अंक की तिथि 29 अगस्त 2024 ही पढ़ी जाए।

– **समाचार संपादक**

## पृष्ठ एक के शेष....

**आज फिर गिरेगी एक...**

निर्मल सिंह ने सेक्टर–63 के कोतवाली प्रभारी को लिखित शिकायत की है। जिसमें इस गोरखधंधे में लिप्त कुछ लोगों के नाम भी लिखकर दिए हैं जो अवैध कनेक्शन के नाम पर अवैध उगाही का गिरोह चला रहे हैं तथा सरकार को करोड़ों रूपये के राजस्व को चूना लगा रहे हैं।

वरिष्ठ भाजपा नेत्री तथा मंडल प्रभारी सुश्री पूनम सिंह ने बताया कि इस गोरखधंधे में बिजली विभाग, पुलिस विभाग तथा कुछ भाजपा नेता व सफेदपोशों के नाम आ रहे हैं।

**नोएडा में भी ले सकेंगे...**

जिम्मेदारी उसी की होगी। राजस्व के लिए 30 और 70 का रेशियों रखा जाएगा। यानी महीनें में कुल आए का कंपनी को 30 फीसद हिस्सा नोएडा प्राधिकरण को देना होगा। निर्माण लागत निकालने के लिए कंपनी यहां फूड कोर्ट, कैफिट एरिया, बोटिंग के अलावा विज्ञापन के राइटस ले सकती है। सलाहकार कंपनी इस सरोवर का डिजाइन तैयार कर रही है। मंजूरी मिलने के बाद इस पार्क को 6–8 माह में पूरा कर लिया जाएगा।

**रॉ का फर्जी...**

वर्ष 2000 बैच का आईपीएस अधिकारी बता रहा था, वह फर्जी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके पास से रॉ का फर्जी आई कार्ड भी बरामद किया है। डीसीपी ने बताया कि उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

**ज़ेवर एयरपोर्ट पर...**

जब ज़ेवर एयरपोर्ट का विकास कर रही कंपनी के CEO क्रिस्टोफ़ श्नेलमैन से बात की तो उन्होंने बताया कि ज़ेवर एयरपोर्ट से पैसेजर फ्लाइट का संचालन अप्रैल 2025 के अंत तक शुरू हो जाएगा। क्रिस्टोफ़ ने बताया कि एयरपोर्ट का निर्माण 4 चरणों में किया जाएगा जिसमे पहले चरण का काम 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में हवाई अड्डे में एक रनवे, एक टर्मिनल और 12 मिलियन यात्री हैंडलिंग क्षमता होगी। सितंबर में इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग स्येस्टम के लिये कैलिब्रेशन उड़ाने देखने की उम्मीद है। हमने यात्री टर्मिनल के लिए जो डिज़ाइन चुना है उसमे समृद्ध वास्तुकला विरासत को शामिल किया गया है। कार्गो टर्मिनल और मल्टी मॉडल कार्गो हब पर विकास कार्य भी पूरे ज़ोरों पर है। इसके संचालन होने के बाद 1 लाख टन से अधिक कार्गो की क्षमता हो जाएगी।

**ज़ेवर एयरपोर्ट पर यूपी हेरिटेज की दिखेगी झलक**

किरण जैन ने ज़ेवर हवाई अड्डे के निर्माण मे सबसे बड़ी बात है कि एयरपोर्ट भारतीय संस्कृति का साक्षी बनेगा। ज़ेवर एयरपोर्ट के मुख्य द्वार को बनारस घाट की तरह विकसित किया जा रहा है। किरण जैन ने बताया कि बनारस के घाट को और मॉडर्न तरीक़े से डेवलप कर मुख्य द्वार पर प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर बनाए जा रहे फूड कोर्ड में भी उत्तर प्रदेश की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

**कैलिब्रेशन फ्लाइट्स से होगी नेविगेशन व रनवे आदि की जांच**

ज़ेवर एयरपोर्ट का विकास कर रही कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल (एजी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। YIAPL की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरण जैन ने बताया कि इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (115) के लिए कैलिब्रेशन फ्लाइट्स सितंबर और अक्टूबर में होने की उम्मीद है। ये उड़ाने एयरपोर्ट अथॉर्टी ऑफ इंडिया (एएआई) द्वारा संचालित की जाती है।

कैलिब्रेशन फ्लाइट्स नेविगेशन एंड रनवे पर लाइट की व्यवस्था और एबरस्पेस के प्रशिक्षण के लिए होती है। कॉमर्शियल फ्लाईट्स को चलाने से पहले कैरिवेशन फ्लाइट टेस्ट किया जाता है।



## खास खबर

### स्टोक्स के अक्टूबर में वापसी की संभावनाएं

**लंदन ।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं और इस बात की संभावना है कि वह अक्टूबर में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीरीज में खेल सकते हैं। द हंड्रेड टूर्नामेंट के दौरान स्टोक्स की बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गयी थी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए स्टोक्स की जगह पर ओली पोप को कप्तानी दी थी। पाक और इंग्लैंड के बीच अक्टूबर में सीरीज होगी। पहला टेस्ट 7 अक्टूबर को खेला जाएगा जबकि दूसरा और तीसरा टेस्ट 15 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को खेला जाएगा। वहीं कप्तानी कर रहे ऑली ने कहा कि चोटें कभी भी अच्छी होती हैं पर इस समय अपने खेल में सुधार जारी रखने के साथ ही चिंतन करने का भी है। मुझे भरोसा है कि स्टोक्स यही कर रहे होंगे।

### वेस्टइंडीज के गेब्रियल ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**जमैका ।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। 36 साल के हो रहे गैब्रियल ने सोशल मीडिया में अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि पिछले एक दशक से अधिक समय तक मैंने वेस्टइंडीज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है। अपने इस पसंदीदा खेल से मुझ खुशी के साथ ही जिंदगी में सब कुछ मिला है पर जैसा कि कहा जाता है, सभी अच्छी चीजों का एक दिन अंत होना तय है। इसी को देखते हुए आज मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेता हूं। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने का अवसर देने के लिए मैं क्रिकेट बोर्ड ओर भगवान का आभारी हूं। इसके साथ ही मैं क्रिकेट वेस्टइंडीज के प्रशासकों, कोचों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। कई वर्षों से आपकी कड़ी मेहनत और सहयोग लिए मेरे मन में जो विचार हैं उन्हें शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। अंत में मैं अपने साथियों और उन सभी का आभारी हूं जो मेरे साथ खड़े रहे और मेरा समर्थन करते रहे हैं।

### श्रीलंका ने निसांका को किया शामिल

**लंदन ।** श्रीलंका ने मेजबान इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए बल्लेबाज पथुम निसांका को शामिल किया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने लॉर्ड्स में होने वाले इस मैच के लिए दिमुथ करुणारत्ने और निशान मदुष्का को शामिल किया है। इस टीम के लिए अनुभवी बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज को भी मध्य क्रम में रखा गया है। धनंजय डी सिल्वा (कप्तान) के अलावा इस टीम में प्रभात जयसूर्या, असिथा फर्नांडो, मिलन रथनायके और कामिंदु मेंडिस को भी शामिल किया गया है। दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुष्का, पथुम निसांका, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांडीमल, कामिंदु मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, असिथा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, मिलन रथनायके जैसे खिलाड़ी भी टीम में रहेंगे। डी सिल्वा ने निसांका की जमकर प्रशंसा भी की है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में निसांका को अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली थी।

### युवेन सुंदरमूर्ति ने रेस-वे में जीता तीसरा स्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के युवा अमेरिकी रेसिंग स्टार युवेन सुंदरमूर्ति ने 2024 फायरस्टोन इंडी एनएक्सटी सीरीज सीजन में अपना पहला पोडियम फिनिश कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। युवेन ने वर्ल्ड वाइड टेक्नोलॉजी रेस-वे की 11वीं रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। आठवें स्थान से शुरूआत करते हुए सुंदरमूर्ति ने असाधारण दौड़ कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, और धीरे-धीरे मैदान में आगे बढ़ते गए। 75 लैप्स के दौरान उन्होंने एक मजबूत गति बनाए रखी और प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें तीसरा स्थान दिलाया। इस प्रश्न से सुंदरमूर्ति ने सीजन टैली में 35 मूल्यवान अंक प्राप्त किए। सीजन के अपने पहले पोडियम फिनिश पर उत्साहित युवेन सुंदरमूर्ति ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह पोडियम फिनिश मेरी टीम और मुझ पर विश्वास करने वाले सभी लोगों के वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट समर्थन का परिणाम है।

# युकी भांबरी, श्रीराम बालाजी ने जीते युगल मैच

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारत के युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी ने यूएस ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट में अपने-अपने पुरुष युगल मैचों में जीत दर्ज की है। युकी भांबरी ने अपने फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी के साथ सीधे सेटों में जीत हासिल की, जबकि एन श्रीराम बालाजी और अर्जेंटीना के गुइडो आंद्रेओजी ने बुधवार को कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया। युकी भांबरी और अल्बानो ओलिवेटी ने 77 मिनट में अमेरिका के वाइल्डकार्ड पैट्रिक ट्राहाक और रयान सेगरमैन पर 6-3, 6-4 से जीत हासिल कर दूसरे दौर में प्रवेश किया।




भांबरी और ओलिवेटी ने शानदार शुरूआत की। इंडो-फ्रेंच जोड़ी ने चौथे गेम में ब्रेक जीता और अपने सभी सर्विस गेम जीतकर पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया। इसके बाद भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी ने दूसरे सेट में अपनी सर्विस पर अपना दबदबा बनाए रखते हुए सेट और मैच अपने नाम किया। इस बीच, एन श्रीराम बालाजी और गुइडो आंद्रेओजी ने न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और मैक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वेरेला को दो घंटे और 36 मिनट में 5-7, 6-1, 7(12)-6(10) से हराया। पहला सेट बहुत ही करीबी रहा, जिसमें दोनों जोड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। छठे गेम में, मार्कस और मिगुएल के पास दो ब्रेक पॉइंट थे, लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया, क्योंकि सेट 3-3 पर ही रहा। टाई-ब्रेक से ठीक पहले, मार्कस और मिगुएल ने 12वें गेम में ब्रेक जीतकर सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया।

हालांकि, बालाजी और आंद्रेओजी ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की। उन्होंने शुरूआती तीन गेम में अपने विरोधियों की सर्विस दो बार तोड़ी और 3-0 से आगे हो गए। आखिरकार उन्होंने सेट 6-1 से जीत लिया और निर्णायक सेट में प्रवेश किया। अंतिम सेट में, बालाजी और आंद्रेओजी के पास नौवें गेम में ब्रेक जीतकर मैच को सील करने का शानदार मौका था। हालांकि, जब दोनों मैच के लिए सर्विस कर रहे थे, तो मार्कस और मिगुएल तुरंत ब्रेक करके मैच को टाई-ब्रेकर में ले गए।

कड़े मुकाबले वाले टाई-ब्रेक में, बालाजी और आंद्रेओजी ने अंततः 12-10 से जीत हासिल की और अगले दौर में प्रवेश किया।

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच बने ओराम

**वेलिंग्टन ।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने अक्टूबर में होने वाले भारत दौरे को देखते हुए पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम को क्रिकेट टीम का नया गेंदबाजी कोच बनाया है। ओराम सात अक्टूबर को गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। ओरम ने कोच बनाये जाने पर खुश व्यक्त करते हुए कहा, ह्मैं टीम के साथ फिर से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, ह्यएक ऐसी टीम के साथ फिर से जुड़ना जिससे मैंने खेला है और वह मेरे जीवन का एक बड़ा हिस्सा रही है, वास्तव में सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, ह्यहाल ही में मुझे जो अवसर मिले हैं, उनसे मुझे इस बात का अंदाजा है कि यह टीम किसी ओर जा रही है और मैं आने वाले सत्रों में उस पर काम जारी रखने के लिए तैयार हूं। टीम की गेंदबाजी में नई प्रतिभाएं आ रही हैं।

# टेस्ट टीम में जगह बनाने का प्रयास करेंगे सूर्यकुमार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अब तक टेस्ट प्रारुप में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। सूर्यकुमार टी20 के नंबर एक बल्लेबाज रहे हैं पर इसके बाद भी अब तक लंबे प्रारुप में सफल नहीं रहे हैं।

इसी कारण वह अब तक एक ही टेस्ट खेल पाये हैं। अब सूर्यकुमार का इरादा बुची बाबू टूर्नामेंट और दिलीप ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन कर अगले माह बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीरीज में जगह बनाना रहेगा। भारतीय टीम अगले कुछ महीनों में 10 टेस्ट मैच खेलेगी। सूर्यकुमार ने भारतीय टीम की ओर से फरवरी 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केवल एक टेस्ट खेला था। उनके लिए जगह पाना इतना आसन नहीं है क्योंकि उनका मुकाबला श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, केएल राहुल और रजत पाटीदार से रहेगा। ये सब भी टेस्ट टीम में वापसी के प्रयासों में लगे हैं। सूर्यकुमार ने से कहा कि ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्होंने अपनी जगह पाने के लिए कड़ी मेहनत की है और मैं भी वह जगह दोबारा हासिल करना चाहता हूं। मैं टेस्ट में पदार्पण के बाद चोटिल होने के कारण बाहर हो गया था। तब ऐसे बहुत से लोग थे जिन्हें अवस मिला और उन्होंने अच्छा प्रदर्शन कर अपनी जगह पक्की कर ली। मसूर्यकुमार अभी मेरा ध्यान बुची बाबू टूनामेंट और दलीप ट्रॉफी में प्रदर्शन पर लगा है। इसके बाद ही आगे क्या होता है ये देखा जाएगा पर मैं टेस्ट खेलने के लिए उत्साहित हूं। आने वाले दिनों में 10 टेस्ट मैच होने वाले हैं और मैं स्पष्ट रूप से इसमें बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हूं। सूर्यकुमार ने अब तक 82 प्रथम श्रेणी मैचों में 43.62 की औसत के साथ 5,628 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक भी शामिल हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि लाल गेंद क्रिकेट हमेशा मेरी प्राथमिकता रही है। सबसे लंबे प्रारूप को मैं पसंद करता क्योंकि यहीं से मेरी शुरूआत हुई थी।



# एलएलसी का तीसरा सत्र 20 सितंबर से, धवन भी खेलेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** लीजैंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) का तीसरा सत्र 20 सितंबर से खेला जाएगा। इस लीग में हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले शिखर धवन के अलावा दिनेश कार्तिक सहित कई अन्य पूर्व क्रिकेटर खेलते दिखेंगे। ये लीग 20 सितंबर को जोधपुर में शुरू होगी। इसमें छह टीमें के बीच 25 मैच खेले जाएंगे। खिताबी मुकाबला 16 अक्टूबर को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी आधारित इस टूनामेंट में 200 खिलाड़ियों का एक पूल बनाया गया है।

एलएलसी के सह संस्थापक रमन रहेजा ने कहा, ह्यलीजैंड्स लीग क्रिकेट का अगला सत्र शुरू होने वाला है। हमें खुशी है कि इस बार कश्मीर में भी मैच खेल जाएंगे। इससे कश्मीर के लोगों को भी स्टेडियम में मैच देखने का अवसर मिलेगा।

आयोजकों ने कहा कि पिछले सत्र में इस लीग को देश में 18 करोड़ लोगों ने देखा था। पिछली बार इसमें सुरेश रैना, आरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, गौतम गंभीर, क्रिस गेल, हाशिम अमला, रोस टेलर जैसे दिग्गजों ने खेला था।



# रोहित , विराट एक बार पाक का दौरा करें : कामरान अकमल

एजेंसी

**लाहौर ।** पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज कामरान अकमल ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के काफी प्रशंसक उनके यहां भी हैं। इसलिए रोहित और विराट को संन्यास से पहले एक बार पाक का दौरा जरुर करना चाहिये। अकमल ने कहा कि भले ही दोनों ने टी20 से संन्यास ले लिया है पर टेस्ट और एक दिवसीय प्रारुप में ये खेल सकते हैं। पाक क्रिकेटर ने कहा कि ये दोनो ही आज खेल के सबसे बड़े सितारे हैं और प्रशंसक भी इन्हें बेहद चाहते हैं। साथ ही कहा कि पाक में उन्हें जो फैन फॉलोइंग मिलेगी, वह सबसे अधिक रहेगी। अकमल ने कहा कि इन दोनो के अलावा जसप्रीत बुमराह को भी पाक में बेहद पसंद किया जाता है। बुमराह ने हालांकि आज तक पाक का दौरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि विराट एक रोल मॉडल हैं, रोहित विश्व कप विजेता कप्तान हैं और बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। जब ये तीनों पाकिस्तान का दौरा करेंगे तो इससे देश के प्रशंसकों को विशेष अहसास होगा। साथ ही कहा कि जब विराट अपने अंडर-19 दिनों के दौरान पाकिस्तान में खेलते थे तो तब वह कोई जाना-पहचाना नाम नहीं थे पर अगर अब विराट आते हैं, तो वह यहां अपनी लोकप्रियता देख हैरान हो जाएंगे। पाकिस्तान में उन्हें काफी समर्थन मिलेगा। वह पाकिस्तान के सबसे लोकप्रिय क्रिकेटर हैं। उनकी फैन फॉलोइंग किसी भी अन्य क्रिकेटर से ज्यादा है।

### बारबोरा अमेरिकी ओपन से हुई बाहर

**न्यूयॉर्क ।** चेक गणराज्य की विम्बलडन चैम्पियन रहीं बारबोरा क्रेसिकोवा अमेरिकी ओपन टेनिस के दूसरे दौर में हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। बारबोरा को महिला एकल के कड़े मुकाबले में एलेना गैब्रियेला रूसे ने 4-6, 5-7 से हरा दिया। एलेना का मुकबाला अब पाउला बाडोसा से होगा। बाडोसा ने एक अन्य मैच में अमेरिका की टेलर टाउनसेंड को 6-3, 7-5 से हराया।। वहीं महिला वर्ग में गत चैम्पियन कोको गाफ ने टी मारिया को 6-4, 6-0 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया है। अब उनका सामना एलिना स्वितोलिना से होगा। दूसरी ओर पुरुष एकल में फ्रांसिस टियाफो को अलेक्जेंडर शेवचेंको के बीच में ही मैच छोड़ देने से अगले दौर में प्रवेश मिल गया। एक अन्य मैच में बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बतिस्ता एगुट को 6-3, 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका सामना टियाफो से होगा।

# आईपीएल के नये सत्र में बदलावों के साथ नजर आ सकती है सीएसके

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से आईपीएल के अगले सत्र में बदली बदली सी नजर आयेगी। इसमे अनुभवी आजिंक्य रहाणे, शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर शायद ही नजर आयें। इस बार होने वाली नीलामी में इन्हें रिटेन (बरकरार) रखे जाने की संभावना नहीं है। इसके अलावा मुस्तफिजुर रहमान, मुकेश चौधरी, तुषार देशपांडे, शेख रशीद, मिटेस सैंटनर जैसे खिलाड़ियों को भी शायद ही रखा जाये। कहा जा रहा है कि इस बार टीम पहले के 6 खिलाड़ियों को बनाये रखेगी। सीएसके के पास अभी 25 खिलाड़ी हैं इसमें विदेशी खिलाड़ियों की संख्या 8 है। वहीं देश के ही 17 खिलाड़ी हैं। इसमें अनकैप्ड और अनकैप्ड खिलाड़ी भी शामिल हैं। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी इस साल के अंत में दिसंबर महीने में होगी तभी साफ होगा कि किसे टीम में जगह मिलती है किसे नहीं। आईपीएल 2025 के लिए होने वाली मेगा नीलामी से पहले रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ियों की मांग टीमें कर रही हैं, ऐसे में अगर बीसीसीआई खिलाड़ियों को रिटेन करने की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 करता है तो सीएसके 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। सीएसके के पास मौजूदा अभी 25 खिलाड़ी हैं। अगले सत्र के लिए सीएके कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा रविंद्र जडेजा और शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, डेवोन कॉनवे को बनाये रख सकती है। वहीं अगर महेन्द्र सिंह धोनी संन्यास की घोषणा नहीं करते तो उनहें भी टीम में रख जाना तय है। कर रहे हैं। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन के बाद सीएसके की टीम पूरी तरह से बदली हुई नजर आएगी। सीएसके ऋतुराज, धोनी, जडेजा, शिवम दुबे, डेवोन कॉन्वे और पथिराना जैसे खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है।




# प्रधानमंत्री मोदी के हौंसला बढ़ाने से सर्वश्रेष्ठ पदर्शन की मिलती है प्रेरणा : मनु भाकर

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर रिकार्ड बनाने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर ने कहा है कि 2018 राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उसका भविष्य उज्जवल है और ये बात सही निकली। मनु ने कहा कि प्रधानमंत्री पदक विजेताओं को सम्मान करने के दौरान उनका हौंसला भी बढ़ते रहते हैं जिससे खिलाड़ियों को और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। मनु ने खेल दिवस पर पुरानी बातों को याद कर कहा, तब प्रधानमंत्री मोदी ने मुझसे कहा, तुम बहुत युवा हो। तुम इससे भी बड़ी सफलता हासिल करोगी और जब भी तुम्हें किसी चीज की जरूरत हो, तुम मुझसे संपर्क करना। उनके यह शब्द मेरे लिए प्रेरणा बन गये। न केवल सफलता के अवसरों पर बल्कि असफलता के दौर में भी प्रधानमंत्री साथ दिया। जब टोक्यो ओलंपिक में कुछ तकनीकी खराबी के कारण मनु पदक नहीं जीत पायीं थीं जब प्रधानमंत्री ने उन्हें प्रोत्साहित किया और उनकी भविष्य की योजनाओं पर बात की। मनु ने कहा, प्रधानमंत्री ने मुझे आत्मविश्वास से भरे रहने और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने को कहा था। उनकी यह खासियत है कि वह प्रत्येक खिलाड़ी के बारे में हर बात पर नजरें बनाये रखते हैं।

प्रधानमंत्री परिणाम की परवाह किए बिना हर एथलीट को प्रोत्साहित करने और उसका समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मनु ने जब पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना पहला पदक जीता था तभी प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे फोन पर बात की और उन्हें बधाई दी। इसके बाद मनु ने सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल में भी दूसरा कांस्य जीता था।



# जूडो प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

एजेंसी

**मुरादाबाद।** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के निदेर्शानुसार स्व. मेजर ध्यान चन्द के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को बालक/बालिका वर्ग की जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग 25 किलोभार में प्रथम तनविका, द्वितीय मायरा, तृतीय मानवी रहीं। प्लस 30 किलो में प्रथम मान्या, द्वितीय स्थान हिमांशी, प्लस 35 किलो में प्रथम स्थान लगन, द्वितीय स्थान कविता व तृतीय स्थान परी और रोनक का रहा। प्लस 40 किलो में प्रथम सुहानी द्वितीय कर्निका तृतीय राधिका व तनवी रही। प्लस 50 किलो में प्रथम स्थान पर लकी, प्लस 55 किलो में प्रथम मुन्नी चौधरी, द्वितीय ख्याति, बालक वर्ग प्लस प्रथम स्थान कार्तिक, द्वितीय रुद्राक्ष हिमांशु द्वितीय आदित्य तृतीय रूद्राक्ष प्लस 30 किलो प्रथम स्थानआयुषमान तृतीय यश प्लस 35 किल प्रथम स्थान अभिनव द्वितीय स्थान अर्थव तृतीय स्थान विराट प्लस 40 प्रथम यश तृतीय, हर्षित अभिनव प्लस 50 किलो प्रथम आयुष द्वितीय अर्पित तृतीय, आशु प्लस 55किलो में प्रथम आदित्य द्वितीय सत्यम तृतीय शुभ दुष्यन्त रहे।



# नॉकआउट कॉम्बेट लीग में रांची के फाइटर्स ने किया शानदार प्रदर्शन

**दिल्ली ।** दिल्ली में आयोजित हुई नॉकआउट कॉम्बेट लीग सीजन 3 (केसीएल) एमएमए प्रतियोगिता में झारखंड, रांची के फाइटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रोंज मेडल अपने नाम किए। गोल्ड मेडलः अश्विन प्रणय लकड़ा, एकवीरा प्रजापति, शोर्य राज, प्रिंस कुमार तथा कौशल जरिका सिल्वर मेडलः प्रिष्टि उराव, जिगर मुंडा ब्रोंज मेडलः शुभम तिवारी ने मेडल अपने नाम किए। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, समर्पण और कुशल प्रशिक्षण का परिणाम है, जिसे उन्होंने फुल कांटेक्ट फाइटिंग मार्शल आर्ट्स और Ultimate Shark Contender संस्था के अंतर्गत प्राप्त किया है। सभी फाइटर्स को एमएमए शार्क' रंजन सिंह के मार्गदर्शन में मास्टर प्रेम और मास्टर मुकेश से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। मास्टर प्रेम एवं मास्टर मुकेश पिछले 18 सालों से मार्शल आर्ट्स के विभिन्न शैलियों का प्रसिक्षण दे रहे है और मार्शल आर्ट्स के क्षेत्र मे एक प्रतिष्ठित नाम है। एम एम ए शार्क ग्रैंड मास्टर रंजन सिंह, जो स्वयं एक प्रतिष्ठित और अनुभवी एमएमए ट्रेनर हैं, ने इन फाइटर्स को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनने में मदद की है। उनके निर्देशन में, फाइटर्स ने प्रतियोगिता में अपनी तकनीकी दक्षता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए यह सफलता हासिल की है किसीएल में रांची के फाइटर्स की इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल राज्य का गौरव बढ़ाया है, बल्कि झारखंड में मार्शल आर्ट्स के उभरते हुए स्तर को भी उजागर किया है। यह जीत उन सभी युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है जो अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रयासरत हैं।





स्पेन में ला लिगा फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।




# सेहतमंद रहने के लिए बेहद जरूरी है यह मिनरल, मिलते हैं ये 3 फायदे

**सोडियम और कैल्शियम जैसे मिनरल्स के बारे में तो आप सभी जानते होंगे लेकिन क्या आपको मालूम है कि मैग्निशियम हमारे शरीर के लिए क्यों जरूरी है।**

सेहतमंद रहने के लिए हमें कई तरह की विटामिन और मिनरल्स की जरूरत पड़ती है, अधिकतर हम कैल्शियम, सोडियम आयरन को ही तरजीह देते हैं, लेकिन आपको बता दें कि मैग्नीशियम भी हमारी सेहत के लिए उतना ही जरूरी है इसकी कमी के कारण कई तरह की समस्याएं हो सकती है। मैग्नीशियमसे हमें क्या क्या- फायदे हो सकत हैं, इस बारे में आइए जानते हैं।

## मैग्निशियम हमारे लिए क्यों जरूरी है

सोडियम कैल्शियम और पोटेशियम के बाद मैग्नीशियमफोर्थ मोस्ट कॉमन मिनरल है, इससे न सिर्फ मसल्स को फायदा होता है बल्कि इससे नर्व फंक्शन और बोन फॉरमेशन करने में भी मदद मिलती है। यह बोन स्ट्रक्चर और उम्र बढ़ाने के साथ बोन डेंसिटी को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके साथ ही यह एंग्जाइटी, इनसोम्निया, माइग्रेन मैं भी मदद कर सकता है। यह नर्वस सिस्टम को शांत करता है और ब्रेन को आराम देने में मदद करता है, जिससे कोर्टिसोललेवल कम होता है। रोजाना हमें 200 ग्राम से 300 ग्राम तक मैग्नीशियम की जरूरत होती है। एक्सपर्ट बताते है कि अगर आपके शरीर में विटामिन डी की कमी है, आप एंटाएसिड पर रहते हैं, आपको क्रॉनिक डायरिया है अल्कोहल का सेवन करते हैं और स्मोकिंग करते हैं तो इससे मैग्नीशियम का अब्जॉर्प्शन नहीं हो पाता है।

## मैग्नीशियम के सोर्स

नट्स जैसे बादाम, अखरोट, काजू, कद्दू के बीज, एवोकाडो, पालक या हरी पत्तेदार सब्जियों में मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा होती है।






**क्या आप भी वजन घटाना चाहती हैं? तो पिस्ता को अपनी डाइट में शामिल कर सकती हैं। आइए, यहां जानते हैं कि एक दिन में कितने पिस्ता खाने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है।**



# एक दिन में इतने पिस्ता खाने से घट सकता है वजन, एक्सपर्ट से जानें

ड्राई फरूट्स को हेल्थ के लिए हमेशा फायदेमंद माना जाता है। हेल्दी ड्राइफरूट्स में बादाम, अखरोट और काजू की सबसे ज्यादा बात की जाती है। लेकिन बहुत कम लोग ही जानते हैं कि पिस्ता गुणों की खादान है। पिस्ता सिर्फ हेल्थ के लिए फायदेमंद ही नहीं, बल्कि वजन मैनेज में भी मदद करता है। पिस्ता में ऐसे फाइबर कंटेंट होते हैं जो फूड क्रेविंग्स और भूख को कंट्रोल करते हैं, जिससे वजन को मेंटेन करने में मदद मिलती है।

ऐसे तो सोशल मीडिया पर वजन मैंटेन करने के लिए कई सारे टिप्स मौजूद हैं, जिसमें तरह-तरह के नट्स और ड्राईफरूट्स खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन पिस्ता में दूसरे ड्राईफरूट्स के मुकाबले कम कैलोरीज होती हैं, जो वजन को मैनेज करने में मदद करती है। अब सवाल उठता है कि वजन मैनेज करने के लिए एक दिन में कितना पिस्ता खाना चाहिए, इसके लिए हमने एक्सपर्ट से बात की है। एक्सपर्ट के मुताबिक, पिस्ता एक बेहतरीन हेल्दी स्नेक है। पिस्ता खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो अपना वजन मैनेज करना चाहते हैं। पिस्ता खाने से कंपलीट हाई क्वालिटी प्लांट प्रोटीन मिलता है, जो एक जरूरी मैक्रोन्यूट्रियंट है। वजन कंट्रोल करने में पिस्ता मददगार साबित हो सकता है।

एक्सपर्ट के मुताबिक, पिस्ता में प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट्स मौजूद होते हैं, जो आपको फुल महसूस कराते हैं। इससे आप अपने खाने की मात्रा को कंट्रोल कर सकते हैं और ओवर इटिंग से भी बच सकते हैं।

पिस्ता को लेकर कई तरह की रिसर्च सामने आ चुकी हैं, जिनमें पिस्ता को बेहतरीन स्नेक बताया गया है। क्योंकि इसमें मौजूद तत्वों से डाइजेशन स्लो होता है और भूख भी कम लगती है। नाश्ते और लंच के बीच लगने वाली भूख के लिए पिस्ता एक बेहतरीन स्नेक की तरह हो सकता है।

## एक दिन में कितना पिस्ता खाएं?

एक्सपर्ट के मुताबिक, 28 ग्राम कैलिफोर्निया पिस्ता में 6 ग्राम प्रोटीन और 3 ग्राम फाइबर मिलता है। एक दिन में लगभग 28 ग्राम पिस्ता खाना आपको वजन मैंटेन करने में मदद कर सकता है। पिस्ता में 30 तरह के जरूरी न्यूट्रियंट्स होते हैं और 90 पर्सेंट अनसेचुरेटेड हार्ट-हेल्दी फैट मौजूद होते हैं।

## पिस्ता खाने के फायदे

- पिस्ता बॉडी मास इंडेक्स कंट्रोल करने में भी मदद करता है। पिस्ता को लिमिट और कंट्रोल तरह से खाने से वजन के साथ-साथ लटकता पेट भी कम हो सकता है।
- पिस्ता वजन घटाने के साथ-साथ दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इससे ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रोल लेवल कंट्रोल में रहते हैं, जिससे दिल की तंदरुस्ती बनी रहती है.
- पिस्ता को आंखों के लिए भी अच्छा माना जाता है। पिस्ता में एक ऐसा तत्व मौजूद होता है, जो आंखों की रोशनी तेज करने में मदद कर सकता है।
- पिस्ता में मौजूद तत्व, डायबिटीज और हाई ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी मदद करते हैं।
- पिस्ता में मेमलाटोनिन नाम का एक तत्व होता है जो नींद की समस्या को दूर करता है. साथ ही पिस्ता में कई ऐसे तत्व होते हैं जो मौसमी बीमारियों से भी शरीर को बचाते हैं।

## क्यों दूसरे ड्राईफरूट्स के बीच पिस्ता चुनें?

जब भी ड्राईफरूट्स या नट्स की बात आती है, तो ज्यादातर लोगों की पसंद बादाम और अखरोट रहते हैं. लेकिन पिस्ता में सबसे कम कैलोरी होती होती है। कम कैलोरी होने की वजह से आप इसे खाना फायदेमंद हो सकता है. एक पिस्ता में सिर्फ 3 कैलोरी होती है, वहीं एक बादाम में 10 कैलोरी मौजूद होती है। पिस्ता में मिनरल्स के साथ-साथ विटामिन बी भी मौजूद होता है। बादाम के बाद हरे नट्स में सबसे ज्यादा प्रोटीन पाया जाता है।

## क्या पिस्ता बढ़ा सकता है वजन?

पिस्ता खाने के अनेकों फायदे हैं, लेकिन किसी भी चीज को लिमिट से ज्यादा खाना नुकसान पहुंचा सकता है। पिस्ता भी अगर लिमिट में खाया जाए तो वह शरीर का वजन नहीं बढ़ाता है और हेल्थ के लिए भी फायदेमंद रहता है। पिस्ता को लिमिट में खाने के लिए ऐसी सलाह दी जाती है कि इसे शेल वाला पिस्ता यानी बिना छिले हुए पिस्ता लेने चाहिए।



# डिप्रेशन का शिकार होने से पहले नजर आते हैं ये 6 लक्षण

डिप्रेशन एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या है ,जिसका समय पर इलाज जरूरी होता है। आजकल के दौर में युवा नौजवान डिप्रेशन के चपेट में तेजी से आ रहे हैं। हालांकि ज्यादातर लोगों को यह मालूम ही नहीं चलता है कि वो डिप्रेशन के शिकार हैं,कई बार मामला हाथ से निकल जाता है। ऐसे में हम आपको वो 6 लक्षण बता रहे हैं जो डिप्रेशन का शिकार होने से पहले किसी भी व्यक्ति में नजर आता है।

अगर आप बहुत ज्यादा खा रहे हैं या बहुत कम खा रहे हैं तो ये डिप्रेशन के शुरुआती लक्षण की तरफ इशारा करता है। तनाव के कारण आपको ज्यादा भूख लगती है। तनाव को कम करने के लिए लोग अच्छा खाना खाना चाहते हैं इससे उन्हें सुकून मिलता है, वहीं तनाव के कारण भोजन को लोग बोझ समझने लगते हैं। दोनों ही स्थिति डिप्रेशन की तरफ इशारा करती है।

दुख और निराशा की भावना डिप्रेशन के सबसे आम लक्षणों में से एक है। अगर आप किसी भी काम को करने से पहले निराश हो जाते हैं या छोटी छोटी बातों पर दुखी हो जाते हैं तो आपको इसे डिप्रेशन का लक्षण समझना चाहिए

आपको बार बार मीठा खाने की क्रेविंग होती है यह भी डिप्रेशन के शुरुआती लक्षण की तरफ इशारा करता है। दरअसल तनाव होने पर शरीर को अधिक कैलोरी की जरूरत पड़ती है और इससे मीठा खाने की इच्छा बढ़ जाती है।

पहले जिस काम को आप खूब आनंद लेकर करते थे और अब आपको उस काम में बिल्कुल भी रुचि नहीं है तो यह भी डिप्रेशन की शुरुआती लक्षणों की तरफ इशारा करता है।

डिप्रेशन से प्रभावित लोग खाने के लिए मन नहीं करता और वे भोजन को एक बोझ मान सकते हैं।

अगर आप बिल्कुल भी सो नहीं पाते हैं या बहुत अधिक देर सोते हैं तो ये डिप्रेशन के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। चिंता के कारण आपको नींद नहीं आती है ,वहीं ऊर्जा की कमी के कारण आप अधिक सोने लगते हैं।

अगर आप आसानी से किसी भी बात पर भड़क जाते हैं, कोई कुछ कह देता है तो आप चिड़चिड़े होकर गुस्सा करने लगते हैं तो यह भी डिप्रेशन की तरफ इशारा करता है। चिंता के कारण व्यक्ति पर निरंतर भावनात्मक दबाव बना रहता है जिससे वे छोटी-छोटी बातों पर भी भड़क सकते हैं।

# सेहत के लिए बेहद लाभकारी है यह लाल फल

नाशपाती तो आप सभी ने खाई होगी। यह मानसून में खूब मिलता है। खट्टा मीठा स्वाद इसका खूब पसंद आता है। अमूमन लोग हरे या पीले कलर की नाशपाती खाते हैं लेकिन क्या आपको मालूम है कि लाल रंग की भी नाशपाती होती है,जो की सेहत को काफी ज्यादा फायदा पहुंचती है।

## लाल नाशपाती खाने के फायदे

लाल नाशपाती खाने से दिल के सेहत को बनाए रखने में मदद मिलती है इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट हानिकारक मुक्त कणों को भी असर करने में मदद करते हैं ऑक्सीडेटिव छाती और सूजन को रोकते हैं जो हृदय रोग में योगदान कर सकते हैं।

लाल नाशपाती खाने से पाचन तंत्र को भी स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है इसमें उच्च मात्रा में फाइबर होता है जो आंतो की गतिशीलता को सुधरता है गैस कब्ज जैसी समस्याओं से छुटकारा दिलाता है।

इसे खाने से त्वचा को भी फायदा मिलता है विटामिन सी और फ्लेवोनॉयड से भरपूर लाल नाशपाती त्वचा को मुक्त कणों से बचते हैं उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में सहायक होते हैं।

लाल नाशपाती में कैलोरी की बहुत कम मात्रा होती है और इसकी उच्च फाइबर सामग्री वजन नियंत्रित करने में सहायक हो सकती है जब आप फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ कहते हैं तो आपको भूख बार-बार नहीं लगती है और कम खाने से आपका वजन कम हो सकता है। इससे आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है यह शरीर को संक्रमण और बीमारियों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है इसमें विटामिन के होता है जो हड्डियों के लिए काफी जरूरी है पोटेशियम होता है जो शरीर में फ्लूड संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।





**बहुत से लोगों को केला खाने की जगह उसका शेक पीना काफी अच्छा लगता है। हालांकि, केले के शेक को पीने से आपको कई तरह के नुकसान उठाने पड़ सकते हैं।**

# केले का शेक पीने के हैं शौकीन तो पहले जान लीजिए इसके नुकसान

बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर किसी को केले का शेक बनाकर पीना काफी अच्छा लगता है। कभी सुबह नाश्ते के समय तो कभी इवनिंग स्नैक टाइम पर जब हल्की भूख लगती है तो ऐसे में केले का शेक आपको फुलर अहसास करवाता है। केले का शेक बनाने में बहुत अधिक समय भी नहीं लगता है और यह बहुत अधिक टेस्टी भी होता है, इसलिए हर कोई इसे पीना काफी पसंद करता है।

लेकिन क्या आपको पता है कि केले के शेक को सेहत के लिहाज से बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। केला और दूध एक अच्छा कॉम्बिनेशन नहीं है। हालांकि, दोनों ही अपने आप में बेहद पौष्टिक हैं, लेकिन इन्हें एक अच्छा फूड कॉम्बिनेशन नहीं माना जाता है। जब केले को दूध में ब्लेंड करके उसका शेक बनाया जाता है तो इससे आपकी सेहत को कुछ नुकसान भी उठाने पड़ सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको बता रही हैं कि केले का शेक बनाकर पीना एक अच्छा आइडिया क्यों नहीं है-

## बढ़ सकता है वजन

अगर आप वेट लॉस जर्नी पर हैं तो ऐसे में केले का शेक पीना बिल्कुल भी अच्छा विचार नहीं है। केले के शेक में कैलोरी की मात्रा अधिक होती है, खासकर अगर इसे फुल-फैट दूध, चीनी या आइसक्रीम के साथ बनाया जाए। इन्हें बार-बार पीने से आपका वजन बढ़ सकता है।

## ब्लड शुगर हो सकता है स्पाइक

अगर आपको डायबिटीज या इंसुलिन रेसिस्टेंस की शिकायत है तो ऐसे में आपको केले का शेक बनाकर पीने से परहेज करना चाहिए। केले में नेचुरल शुगर होती है और जब इसे शेक के रूप में दूध के साथ ब्लेंड करके पिया जाता है, तो यह शुगर ब्लडस्ट्रीम में तेजी से अब्जॉर्ब हो जाती है। कई बार इसमें हम स्वीटनर या अन्य हाई शुगर फरूट को भी शामिल कर लेते हैं, जिससे आपकी स्थिति और भी खराब हो सकती है।

## डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं

अगर आप केले का शेक अधिक मात्रा में लेते हैं तो इससे आपको डाइजेशन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि केले में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। जब लोग जरूरत से ज्यादा केले का शेक पीते हैं तो उन्हें ब्लोटिंग, गैस या कब्ज की शिकायत हो सकती है। इतना ही नहीं, अगर आप लैक्टोज इनटॉलरेंट हैं तो ऐसे में केले को दूध के साथ मिलाकर पीने से आपको काफी परेशानी हो सकती है।

## कैविटी का बढ़ जाता है रिस्क

केले में नेचुरल शुगर होती है, और जब शेक के रूप में इसे लिक्विड फॉर्म में पिया जाता है तो इससे वे दांतों पर चिपक सकते हैं। जिससे कैविटी का रिस्क कई गुना बढ़ जाता है। खासतौर से, अगर आप ओरल हाइजीन का सही तरह से ख्याल नहीं रखते हैं तो ऐसे में समय के साथ आपको दांतों से जुड़ी अन्य समस्याएं जैसे प्लाक बनने और दांतों की सड़न की शिकायत भी हो सकती है।



# युद्धरा को लेकर बोली मालविका मोहनन

सिद्धांत चतुर्वेदी की आने वाली फिल्म युधरा इस वक्त सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में अभिनेता के साथ मालविका मोहनन नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के जरिए लगातार स्टार कास्ट के पोस्टर शेयर किए जा रहे हैं और आज भी मेकर्स ने इस फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए हैं, जो कि काफी धांसू हैं। इसी बीच फिल्म की लीड एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने युधरा फिल्म के साथ-साथ सिद्धार्थ चतुर्वेदी संग काम करने को लेकर भी बातचीत की है। मालविका ने कहा, 'मैंने सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ जो फिल्म की है, उसे एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है और यह अगले महीने रिलीज हो रही है। हम कुछ ही दिनों में इसका ट्रेलर रिलीज कर देंगे। 'थंगलान' के मुकाबले ये एक पूरी तरह से अलग दुनिया है और ये मेरे लिए भी काफी दिलचस्प है। ये सभी रोल एक-दूसरे से इतने अलग हैं कि एक एक्टर के लिए इतनी सारी अलग-अलग फिल्मों का हिस्सा बनना अच्छा है।' मालविका ने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा मेकर्स मुझे देखेंगे, ताकि वे देख सकें कि मैं अलग-अलग भूमिकाओं में कैसे फिट बैठती हूं। हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा किया गया है। फिल्म 20 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है और इसकी कहानी श्रीधर राघवन ने लिखी है। इस फिल्म के गाने मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखे हैं। मालविका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने 2013 में दुलकर सलमान के साथ फिल्म 'पट्टम पोले' से अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 'निर्णयम', 'द ग्रेट फादर' और 'क्रिस्टी' जैसी मलयालम फिल्मों में काम किया है। मालविका मोहनन ने ईशान खट्टर के साथ माजिद मजीदी की 'बियॉन्ड द क्लाउड्स' में भी काम किया है।



# वेदा के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर बोलीं शरवरी वाघ

शरवरी वाघ ने हाल ही में मुंजा के साथ अपने करियर की सबसे बड़ी हिट दी और महाराज के लिए प्रशंसकों की खूब तारीफें बटोरी थीं। अभिनेत्री ने एक बार फिर जॉन अब्राहम की वेदा में अपने उम्दा प्रदर्शन के साथ अपनी अभिनय क्षमता साबित कर दी है। हालांकि, अभिनेत्री की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं हुई। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने कहा कि वेदा का बॉक्स ऑफिस रिजल्ट उनके नियंत्रण से बाहर है।

### वेदा के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर बोलीं शरवरी

शरवरी ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो इसे देखने के दो अलग-अलग तरीके हैं। मेरे लिए, मुझे लगता है कि वेदा में मेरा दिल भूमिका और उसके प्रदर्शन में था। मुझे सच में लगता है कि फिल्म का दिल सही जगह पर था। अब बॉक्स ऑफिस पर चाहे चीजें काम करें या न करें। यह मुझसे परे है क्योंकि यह सिनेमाघरों में मेरी केवल तीसरी फिल्म है। इसलिए, यह कुछ ऐसा है, जिससे मैं अभी भी सीख रही हूं।

### शरवरी से अपनी भूमिका को बताया शानदार

वेदा में शरवरी एक निचली जाति की लड़की की भूमिका निभाती है, जो ग्रामीण राजस्थान में जाति उत्पीड़न के खिलाफ लड़ती है। भूमिका की चुनौतियों के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह भूमिका बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण थी और मेरे कम्फर्ट से बहुत बाहर थी, जब मुझे इसके लिए दर्शकों का प्यार मिलता है, तो मैं संतुष्ट हो जाती हूं क्योंकि मैंने अपने प्रदर्शन में विश्वास की एक छोटी सी छलांग लगाई है। यह सौ और तरीकों से जा सकता था। इसका सही तरीके से जाना मेरे लिए एक बड़ी जीत है। मैंने नाटक नहीं किया है, जो बहुत कठिन भी है और यह मेरे लिए एक बड़ी सफलता थी।



# तेलुगु फिल्म कनप्पा से धमाल मचाएंगे अक्षय कुमार!

बॉलीवुड इंडस्ट्री में ऐसे कई स्टार्स हैं, जिनकी फैन फॉलोइंग सिर्फ हिंदी बेल्ट में नहीं बल्कि साउथ इंडिया में भी हैं। इसी पॉपुलैरिटी को इनकैश करते हुए निर्माता इन्हें साउथ की फिल्मों में भी कास्ट कर रहे हैं। अब खबर ये आ रही है कि बॉलीवुड इंडस्ट्री के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार विष्णु मांचू की आगामी फिल्म कन्नप्पा के साथ अपना तेलुगु डेब्यू करने वाले हैं। इस मूवी को देखने के बाद नॉर्थ से लेकर साउथ बेल्ट तक के लोग बेताब हैं। बता दें कि इससे पहले भी बॉलीवुड के कई दिग्गज अभिनेताओं ने तेलुगु जगत में धमाल मचाया है। इस लिस्ट में सलमान खान और अमिताभ बच्चन जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कन्नप्पा की वजह से चर्चा में बने हुए हैं। इस मूवी से वो अपना तेलुगु डेब्यू करने वाले हैं। बता दें कि तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में सुपरस्टार प्रभास और मोहनलाल का भी कैमियो होने वाला है। तेलुगु राजनीतिक एक्शन थ्रिलर गॉडफादर में मेगास्टार चिरंजीवी के अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। वहीं इस मूवी में सलमान खान ने कैमियो किया था। गॉडफादर में चिरंजीवी और सलमान के सीन ने खूब तारीफें बटोरी थीं। साथ ही यह बॉक्स ऑफिस पर भी बड़ी हिट साबित हुई थी।



# ऋतिक की किराएदार बनेंगी श्रद्धा कपूर

इन दिनों श्रद्धा कपूर फिल्म स्त्री 2 की लगातार सफलता का स्वाद चख रही हैं। 14 अगस्त की रात को रिलीज हुई फिल्म स्त्री 2 अभीतक सिनेमाघरों में जमकर कमाई कर रही है। फिल्म को प्रशंसकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं अब जानकारी आई है कि श्रद्धा कपूर जल्द ही बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के घर में रहेंगी। स्त्री 2 स्टार श्रद्धा कपूर को फिल्म स्त्री 2 के लिए लगातार प्यार मिल रहा है। इस फिल्म में श्रद्धा के साथ राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और पंकज त्रिपाठी ने अहम भूमिका निभाई है। अब अफवाह है कि श्रद्धा अपने निजी स्थान को भी अपग्रेड करने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, श्रद्धा, अक्षय कुमार की नई पड़ोसी बनने के लिए तैयार हैं, जो जुहू में ऋतिक रोशन के मौजूदा सी-फेसिंग अपार्टमेंट में रहने जा रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि अक्षय कुमार, जिन्होंने स्त्री 2 में कैमियो किया था, उसी बिल्डिंग में एक शानदार डुप्लेक्स अपार्टमेंट में रहते हैं, जिसमें कथित तौर पर अब श्रद्धा भी रहने जा रही हैं।

### पहले वरुण बनने वाले थे ऋतिक के किराएदार

शुरुआत में चर्चा थी कि वरुण धवन अपनी पत्नी नताशा दलाल और बेटी के साथ ऋतिक के अपार्टमेंट में शिफ्ट होंगे, लेकिन ये योजनाएं सिर्फ अफवाह बनकर ही रह गईं।



# रजनीकांत की कुली में कैमियो करेंगे आमिर खान

सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। फिलहाल वे अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म कुली की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म की शूटिंग की कुछ तस्वीरें भी सामने आई थी, जिसे देख दर्शकों के बीच उत्साह भी पैदा हो गया था। फिल्म की टीम ने अब तक दो अहम शेड्यूल पूरे कर लिए हैं। वहीं, फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही हैं, जो प्रशंसकों के लिए बड़ा तोहफा बन सकती है। कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर अफवाह उड़ी थी कि कन्नड़ स्टार हीरो उपेंद्र सुपरस्टार रजनीकांत और लोकेश कनगराज की कुली का हिस्सा हैं। हालांकि, निर्माताओं ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की, लेकिन उपेंद्र ने खुद कुली के सेट से रजनी के साथ एक तस्वीर पोस्ट की, जिसे बाद में उन्होंने हटा दिया, लेकिन उसका कारण नहीं बताया। वहीं, अब सोशल मीडिया पर चर्चा कि बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान इस हैवी-ड्यूटी एक्शन ड्रामा में कैमियो करेंगे। कहा जा रहा है कि लोकेश फिलहाल मिस्टर परफेक्शनिस्ट से बातचीत कर रहे हैं और अगर सब कुछ ठीक रहा तो हम देश के दो सबसे बड़े सितारों को एक साथ एक ही फ्रेम में देखेंगे।

इससे पहले बॉलीवुड मीडिया में ऐसी खबरें आई थीं कि शाहरुख खान या रणवीर सिंह कुली में एक विशेष कैमियो निभाएंगे, लेकिन वो महज अफवाह साबित हुई। वहीं, अब आमिर खान के कैमियो करने की खबर सामने आई है। हालांकि, निर्माताओं ने या खुद आमिर खान ने इस पर चुप्पी नहीं तोड़ी है। कुली की यूनिट अब विजाग में मुख्य दृश्यों की शूटिंग कर रही है। इससे पहले यह खबर आई थी कि फिल्म का पहला भाग पूरी तरह से फाइनल हो चुका है। फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद सावधानीपूर्वक तैयार किए गए हैं। टीम शेष हिस्से को तेजी से पूरा करने के लिए तैयार है। कुली के सह-लेखकों में से एक चंद्रू अंबाजगन ने आधिकारिक तौर पर इंस्टाग्राम पर यह रोमांचक खबर साझा थी। कुली फिल्म का निर्माण सन पिक्चर्स द्वारा किया गया है, जिसमें अनिरुद्ध रविचंदर संगीत निर्देशक हैं। वहीं, फिल्म को 2025 में रिलीज करने की योजना है।

# अभिनेता आर्य बब्बर की पर्दे पर वापसी



अभिनेता आर्य बब्बर पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। वह टेलीविजन शो जागृति- एक नई सुबह में खलनायक कालीकांत ठाकुर की भूमिका निभाएंगे। यह सीरीज झारखंड के जामताड़ा जिले के मोक्ष गढ़ नामक एक काल्पनिक शहर पर आधारित है। इस सीरीज की कहानी वहां के व्यवस्थागत अन्याय को दर्शाती है। इस सीरीज की कहानी में चिट्टा समुदाय के लोगों को जन्म से ही अपराधी के रूप में दिखाया गया है। इस कहानी में चिट्टा समुदाय के लोगों को शिक्षा से वंचित रखा जाता है और जमींदारों द्वारा उनका शोषण किया जाता है। आर्या का किरदार गांव का सबसे अमीर और ताकतवर आदमी है और वह अवैध धंधा भी करता है। अपना धंधा चलाने के लिए वह स्थानीय पुलिस और वन अधिकारियों को रिश्वत देता है। एक तानाशाह के तौर पर वह अपनी पुश्तैनी संपत्ति पर गर्व करके महिलाओं का शोषण करता है और चिट्टा समुदाय के लोगों के साथ क्रूरता करता है। अपने किरदार के बारे में आर्य बब्बर ने कहा, मैं 8 साल बाद जागृति जैसे दिलचस्प शो के साथ टेलीविजन पर वापसी करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह पहली बार है जब मुझे ज़ी टीवी के साथ काम करने का मौका मिला है।



# मैं प्यार को लेकर बहुत ही प्रोटेक्टिव हूं

एक समय असिस्टेंट डायरेक्टर रहे सनी कौशल ने गोल्ड की भूमिका से पहचान हासिल की। शिद्दत में उनके काम को काफी सराहा गया। इन दिनों वह अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनका अहम रोल है। तापसी पन्नू लीड रोल में हैं, और साथ विक्रांत मैसी भी हैं।

**आपने अपने करियर की शुरुआत एक असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर की थी, तो पर्दे के पीछे की वो लर्निंग आपके कितना काम आई?**

मैं तो असिस्टेंट डायरेक्टर बना ही इसलिए था कि मैं कुछ नया सीख सकूं। मैंने तभी सोच लिया था कि मुझे एक्टिंग में ही करियर बनाना है। एक फिल्म के बनने में बहुत से लोग जुड़े होते है, तो वो एक्शन और कट का जो 30 सेकंड का समय होता है, उस बीच सेट पर इतनी सारी तैयारी होती है कि आप बहुत कुछ सीखते हैं। मैंने सेट पर असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में फिल्ममेकिंग की बारीकियों के साथ-साथ एक्टिंग की खूबियां भी जानी।

**आपकी पिछली फिल्म शिद्दत में भी आप प्यार के लिए हद पार कर जाने वाले आशिक बने थे और फिर आई हसीन दिलरुबा में आप पागलपन की हद तक जाने वाले प्रेमी बने हैं। असल जिंदगी में आप प्यार के लिए किस हद तक जा सकते हैं?**

मैं प्यार को लेकर बहुत प्रोटेक्टिव हूं। हालांकि मेरी दोनों ही फिल्मों में आशिक बना था, मगर प्यार को लेकर दोनों का नजरिया अलग है। शिद्दत का आशिक पॉजिटिव थिंकर है, जबकि फिर आई हसीन दिलरुबा का प्रेमी अलग है। वो विक्टिम है, तो उसे लगता है कि उसे भी दूसरों के साथ गलत करने का लाइसेंस मिल गया है। जहां तक मेरी अपनी बात है, तो मैं प्यार को लेकर बहुत ही प्रोटेक्टिव हूं। मैं हर रिश्ते को लेकर सरंक्षित रहता हूं। जब तक आपकी जिंदगी में वो सिचुएशन नहीं आती, तब तक आप ये नहीं कह सकते कि आप किस हद तक जा सकते हैं? मगर मुझे लगता है कि मैं प्यार को लेकर समर्पण की भावना रखता हूं। किसी से प्यार करो तो ऐसा न हो कि उसे समय न दे पाएं। मैं तो उसे सब कुछ देना चाहूंगा। मुझे कभी प्यार में इंटेंस होना पड़े, तो मैं वो भी हो सकता हूं। मेरा तो ये मानना है कि जो प्यार है, वही सारे इमोशंस की जड़ है, तो वो बहुत गहरा होना चाहिए। उसका जो रंग होगा, उसके साथ तो न्याय करना ही होगा।

**आपके बड़े भाई एक्टर विक्की कौशल की एक्टिंग को लेकर अपनी यात्रा रही है। उन्होंने तो काफी अवॉर्ड्स जीते हैं। एक्टिंग के क्षेत्र में उनकी राय कितना महत्व रखती है आपके लिए?**

बहुत महत्व रखता है, उनका ओपिनियन मेरे लिए। किरदार को लेकर हमारे मत अलग हो सकते हैं और हम दोनों ही उसका सम्मान करते हैं। वो टेक्निकल बातें होती हैं। मगर हम लोग काम को लेकर डिस्कशन करते हैं। मुझे जब मॉम और भाई ने कहा कि मेरे किरदार में उन्हें सनी दिखा ही नहीं, तो वो मेरी सबसे बड़ी जीत थी।

**आपके लिए परिवार कितना महत्व रखता है?**

मेरा मानना है कि परिवार से ही बरकत होती है। उनकी दुआओं से बरकत होती हैं मेरा काम, करियर, एक्टिंग सब अपनी जगह है। मगर सुबह काम पर निकलते समय परिवार को मुस्कुराते देखना मेरे लिए जरूरी होता है।

**आपकी और शरवरी वाघ की लिंकअप की खबरें भी खूब चलती रही हैं?**

नहीं हमारे बीच ऐसा कुछ नहीं है। बस हम अच्छे दोस्त हैं। काम करते-करते कई बार हम लाइफ लॉन्ग फ्रेंड बन जाते हैं।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## समाज कल्याण विभाग के मंत्री असीम अरुण ने छात्रों को किया सम्मानित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय, मुख्यमंत्री अभ्युदय केन्द्र, नोएडा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश असीम अरुण का डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय, मुख्यमंत्री अभ्युदय केन्द्र, नोएडा में भव्य स्वागत किया गया।






मंत्री ने सभी छात्र एवं छात्राओं से सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री अभ्युदय केंद्र एवं पुस्तकालय में अध्ययन कर उपलब्धियां हासिल करने वाले छात्र एवं छात्राओं, जिसमें अरविन्द कुमार, शिवम पांडे, राहुल कुमार रॉय, मुरारी मिश्रा, नवीन कुमार, शुभम कुमार, शिवम, आदित्य कुमार, जय प्रकाश, विक्रमजीत, आंचल तिवारी, नितिन चौहान, निखिल तोमर, दीपक चौहान, पिंकी मसीह, शाहिद अफरीदी को मंत्री द्वारा सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी डॉ. सतीश कुमार, क्षेत्रीय जॉन कोऑर्डिनेटर पी.के. त्रिपाठी, पूर्व समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह, अभ्युदय कोऑर्डिनेटर दीपांशु, हिमांशु गौतम, सारांश श्रीवास्तव, संचालक समिति के संरक्षक गणेश जाटव, बालक राम, प्रधान समिति अध्यक्ष प्रीतम सिंह, सतपाल जाटव, रोहित चौधरी, अजय गौतम, प्रवेश यादव, जगत चौधरी, सत्येंद्र सिरोही, गोपाल चौधरी, राजेंदर ठेकेदार, विजय सिंह, पप्पू, हुकुम सिंह, खेमचंद जाटव, दयानंद, नथौली सिंह, सुखबीर बौद्ध, अनिल कुमार, सुरेंद्र पाल सिंह, राजेंद्र, संजीव कुमार, सुंदरलाल आदि बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# सीपी से मिला सेक्टर-82 आरडब्ल्यूए प्रतिनिधिमंडल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ईडब्ल्यूएस पॉकेट-7 में हुई चोरियों को लेकर आरडब्ल्यूए का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे के नेतृत्व में सेक्टर-108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह से मिला।

इस अवसर पर उनको चोरियों का अभी तक खुलासा न होने पर एक पत्र सौंपा। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने पुलिस आयुक्त को बताया कि पॉकेट में चोरियां हुए लगभग 40 दिन बीत गए हैं लेकिन अभी तक चोरों को नहीं पकड़ा गया है। यहां पर 20 से 22 जुलाई के बीच सात घरों में ताला व दरवाजा तोड़कर लाखों रुपए की चोरियां हुई थीं जिसमें लोगों की जीवन भर की कमाई चली गई।

इस संबंध में एक वीडियो भी उपलब्ध कराया गया था जो सीसीटीवी कैमरे से कैद हुआ था जिसमें चोर नकाब पहन कर चोरी का पीला थैला लेकर ऊपर चढ़ते हैं। पीड़ित श्रीराम त्रिपाठी ने भी अपनी पीढ़ा से पुलिस आयुक्त को अवगत कराया जिस पर उन्होंने पूरी मदद का आश्वासन दिया। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने आश्वासन दिया कि मामले का जल्द खुलासा होगा और आप लोग निश्चिंत रहें।

इस अवसर पर श्रीराम त्रिपाठी,मनोज झा, उपाध्यक्ष रवि राघव, सुशील पाल, उत्तम चंद्रा, सुभाष शर्मा, राजवीर सिंह, राजेश पाठक मौजूद रहे।

# डीएवी स्कूल में क्लस्टर मैचों का हुआ आयोजन






**नोएडा ( चेतना मंच )।** सरला चोपड़ा डीएवी स्कूल में डीएवी क्लस्टर मैचों का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में 1100 से अधिक छात्रों ने विभिन्न मैचों में भाग लिया। स्कूल ने हर स्तर के मैच आयोजित किए जिसमें अंडर 14 अंडर 17 और अंडर 19 कलस्टर मैचों के दौरान छात्रों ने क्रिकेट, वॉलीबॉल, कराटे बैडमिंटन, एथलीट, ताइक्कांडो, आर्चे्र जैसे कई खेलों में भी हिस्सा लिया।

स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती चित्रा कांत ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि खेल हमेशा छात्रों को न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है बल्कि मानसिक राहत के लिए भी अच्छा होता है।

हम खेलों में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। प्रिंसिपल ने विजेता टीम और भाग लेने वाले छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया।

# जनवरी 2025 तक बन जाएगा भंगेल एलिवेटेड रोड

## व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों ने उठाया मुद्दा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर में व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण करने तथा उनकी शिकायतें सुनने के लिए गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मासिक व्यापार बंधु बैठक का आयोजन सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उपायुक्त प्रशासन रोहित मालवीय ने बताया कि नोएडा के व्यापार बंधुओं की अनेक समस्याओं के निस्तारण के साथ साथ नई अन्य समस्याओं पर बातचीत की गई।

व्यापार बंधु मीटिंग में जिला प्रशासन के सभी अधिकारी नोएडा अथॉरिटी, रोड टैक्स ऑफिसर, विधुत विभाग, ट्रैफ़िक पुलिस, नोएडा ग्रेटर नोएडा पुलिस, जीएसटी अधिकारी सम्मिलित हुए। नोएडा ग्रेटर नोएडा और दादरी के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी और व्यापारी भी इस मीटिंग में उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में व्यापारियों की समस्या को प्रमुखता से रखा। ग्रेटर नोएडा से अध्यक्ष रवि शर्मा ने आरटीओ से जुड़ी समस्या को जिलाधिकारी के समक्ष उठाया।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल से इंटर स्कूल के पास वाइन शॉप को बंद करवाने के लिए वहाँ के ग्रामीणों ने ज्ञापन सेतु निगम की नाकामयाबी की वजह से आज व्यापारी परेशान है। सेतु निगम के




प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल ने सेक्टरों में चल रहे अवैध पीजी पर लगाम कसने की बात कही। दादरी के प्रमुख व्यापारी नेता मनोज गोयल ने दादरी की बदहाल सड़कें और अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए कहा। भंगेल व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करवाया जाए। बाज़ारों में लगने वाली रेहड़ी पटरियों को हटवाया जाए। एलिवेटेड रोड के लिए सभी व्यापारिक संगठनों ने एक स्वर में आवाज़ उठायी। भंगेल कन्या दिया। व्यापारी नेता मनोज भाटी ने कहा कि हरियाणा से आने वाली गाड़ियों जिसमें रेता और डस्ट आता है, उनको आने के लिए सरकार को कुछ नियम बदलने चाहिए। इस वजह से छोटे व्यापारी इस समय काम नहीं कर पा रहे हैं।

जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने सभी समस्याओं को सुनने के बाद अधिकारियों को सभी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के आदेश दिऐ। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने एलिवेटिड रोड के लिए कहा कि अधिकारी सुधीर कुमार ने कहा कि हम जनवरी तक सारा काम पूरा कर देंगे और व्यापारियों को कोई दिक्कत नहीं होने देंगे।

व्यापार बंधु की बैठक में ट्रैफिक इंचार्ज रामा कृष्णा, सत्येन्द्र सिंह, नोएडा अथॉरिटी से सुधीर, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल से विकास जैन, सचिन गोयल, रवि शर्मा, राजेश कुमार, अंकित गोयल, मनोज गोयल, मनोज गोयल, ज्ञान अग्रवाल, मनोज भाटी, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन व पीजी एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल हुए।

# जिला जज ने किया बाल संप्रेषण गृह का निरीक्षण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतबुद्धनगर अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता में बाल सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण एवं शिविर का आयोजन किया गया।




राजकीय बाल संप्रेषण गृह में रह रहे किशोर अपचारियों के कौशल विकास के लिए जीएल बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी ग्रेटर नोएडा द्वारा कंप्यूटर सेट, टेबल टेनिस उपलब्ध करायें गए एवं लाइब्रेरी में पुस्तक भेंट की गई। जिस हेतु प्रोजेक्ट उड़ान के अंतर्गत कंप्यूटर क्लासेस एवं लाइब्रेरी का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना द्वारा किया गया। उक्त शिविर के दौरान जनपद न्यायाधीश के समक्ष किशोर अपचारियों द्वारा अपने मुकदमों से संबंधित समस्याएं सामने रखी, जिस पर न्यायाधीश द्वारा किशोर अपचारियों के मुकदमों में विधिवत एवं शीघ्र निस्तारण हेतु बालकों को आश्वासन दिया गया एवं संबंधित न्यायिक अधिकारी को आवश्यक किये जाने हेतु दिशा निर्देश निर्गत किए गए। उक्त अवसर पर जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना के साथ ऋचा उपाध्याय अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आकृति प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर नया बोर्ड गौतमबुद्धनगर, पंकज अग्रवाल वाइस चेयरमैन जीएल बजाज ग्रुप व डॉ. सपना राकेश डायरेक्टर जीएल बजाज व वेद प्रकाश पाण्डेय डिप्टी कलेक्टर गौतमबुद्धनगर के साथ सुनील पांडेय सहायक अधीक्षक व धर्मेंद्र मौर्य क्राफ्ट अध्यापक बाल संप्रेषण गृह एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के वरिष्ठ सहायक राहुल गौतम आदि उपस्थित रहे।

